विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
बेड, डीवान, कुर्सी, पलंग, डिजाइन टेबल, ड्रायसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता
स्टाफ बिहार, रेलवे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सभी प्रकार फर्नीचर का प्रमाणिक

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 131 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 10 फरवरी 2024 डाक 11 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की

देश-विदेश

यह भारत का समय है, बढ़ रहे हैं अवसर, पीएम मोदी बोले- अब तक के सबसे निचले स्तर पर हमारे आलोचक

फीचर पेज

योग या एक्सरसाइज करने के आधे घंटे बाद तक ना करें ये काम

मंत्री दयाल दास बघेल के बंगले में आरक्षक ने खुद को मारी गोली, मौत

रायपुर, 10 फरवरी [एजेंसी]।

आरक्षक रोहित सलामे ने मंत्री दयाल दास बघेल के स्टेशन रोड के बंगला के गार्ड रूम में अपनी एक्स केलिबर सर्विस राइफ़ल से ठुड्डी में गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। पूरा मामला गंज थाना क्षेत्र का है। मृतक आरक्षक रात 2.00 बजे ड्यूटी से उतरा था मंजन करने के बाद गोली मारकर आत्महत्या किया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मृतक एक सप्ताह पहले पच्चीस ईएल अवकाश से वापिस आया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। कंपनी कमांडर नेहरू राम साहू, डीएसपी लाइन निलेश द्विवेदी, आरआई वैभव मिश्रा तथा गंज थाना प्रभारी आशीष यादव घटना स्थल पर उपस्थित है। आरक्षक की डेड बॉडी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया है।

समीर वानखेड़े पर कसा ईडी का शिकंजा, केस दर्ज

नई दिल्ली। कभी बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की मुसीबत बढ़ाने वाले मुंबई NCB के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े अब खुद मुश्किल में फंस गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दर्ज किया गया है। अब इस मामले में ईडी ने अब समीर वानखेड़े के खिलाफ की जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी ने एनसीबी के तीन अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए भी बुलाया है। गौरतलब है कि जब शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ड्रग्स मामले में फंसे थे, तब समीर वानखेड़े नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुंबई जोनल प्रमुख थे। समीर वानखेड़े के नेतृत्व में एनसीबी ने साल 2021 में मुंबई के तट पर एक क्रूज पर छापा मारा था और आर्यन खान को पकड़ा था। इस ड्रग केस में आर्यन खान को करीब चार सप्ताह तक जेल में रहना पड़ा था। हालांकि, अगले साल मई 2022 में पर्याप्त सबूतों के अभाव में आर्यन खान सभी आरोपों से मुक्त हो गए थे।

ट्रेन से उतरते समय आरक्षक से चली गोली, रेलवे पुलिस का बयान

रायपुर। रायपुर रेलवे स्टेशन में आज फायरिंग हुई। इस पर रेलवे पुलिस ने बयान जारी किया और बताया कि गाड़ी संख्या 15159 सारनाथ एक्सप्रेस में उमलापुर से रायपुर तक उप नि एसडी डी घोष+04 आरपीएसएफ के द्वारा अनुरक्षण कर रहे थे। अनुरक्षण कर रायपुर स्टेशन प्लैटफॉर्म नंबर 01 पर सुबह 6 बजे आरपीएसएफ बल सदस्य आरक्षक दिनेश चंद्र के बंदूक़ से कोच नंबर S/02 से उतरते समय एक्सीडेंटल फायर हुआ। जिससे स्वयं दिनेश चंद के सीने पर गोली लगी है। वही ऊपर बर्थ में नवरोज़ाबाद निवासी मोहम्मद दानिस और साइड में उसके पिता सोए हुए थे गोली चलने की आवाज़ से वे दोनों उठे तो देखें कि मोहम्मद दानिश के पेट में भी गोली लगी है। जिसके बाद जवान और मोहम्मद दानिश दोनों को रामकृष्ण हॉस्पिटल ले जाकर एडमिट किया गया। जवान दिनेश चंद्र S/o करतार सिंह उम्र -34 निवासी राजस्थान की राम कृष्ण केयर हास्पिटल में मौत हो गई है। नवरोज़ाबाद निवासी मोहम्मद दानिस S/o इक्तियाक आलम का इलाज जारी है।

बालको के सीईओ राजेश कुमार ने की सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात

रायपुर। बालको के सीईओ राजेश कुमार ने सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की। सीएम साय ट्विटर पर बताया कि आज निवास स्थान पहुना में बालको के सीईओ राजेश कुमार ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कंपनी के आगामी लक्ष्य और उसकी प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास में बालको की महत्वपूर्ण सहभागिता है।

लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू होगा सीएए, अमित शाह ने किया बड़ा ऐलान



नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।

भारतीय जनता पार्टी इस समय लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। इसी बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बड़ा ऐलान किया है। दरअसल, उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू हो जाएगा। दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इस बात की घोषणा की है। उन्होंने कहा, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे पाकिस्तानी, अफगानिस्तानी और बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों को नागरिकता देना है। अमित शाह ने कहा कि यह भी कांग्रेस का वादा है। उन्होंने कहा, जब देश का विभाजन हुआ और वहां पर अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित किया जाता था। उस दौरान वह सभी भारत में भाग कर आना चाहते थे, तब कांग्रेस ने कहा था कि आप यहां आइए, आपको यहां नागरिकता दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने विपक्ष पर मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हमारे मुस्लिम भाइयों को सीएए को लेकर गुमराह किया जा रहा है और भड़काया जा रहा है।

सीएए केवल पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए है। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए सीएए का उद्देश्य हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और इंसाइयों सहित सताए गए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है, जो 31 दिसंबर, 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए हैं। दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए के पारित होने और उसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद, देश के विभिन्न हिस्सों में महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में बोलते हुए गृह मंत्री ने कहा कि यह चुनाव विकास के खिलाफ भ्रष्टाचार के बारे में है। उन्होंने कहा, यह चुनाव भारत बनाम एनडीए के बारे में नहीं है। यह भ्रष्ट शासन बनाम भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के बारे में है। यह चुनाव उन लोगों के बारे में है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित करना चाहते हैं बनाम उनके बारे में जो विदेश नीति के नाम पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।

मिथुन चक्रवर्ती के सीने में दर्द-बैचेनी से बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को लेकर इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि एक्टर को कोलकाता के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मिथुन चक्रवर्ती के सीने में तेज दर्द और बैचेनी की समस्या महसूस हुई, जिसके चलते उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट करना पड़ा है। अपने पिता की तबीयत को लेकर एक्टर महाअक्षय चक्रवर्ती का ताजा बयान भी सामने आया है। शनिवार सुबह मिथुन चक्रवर्ती की तबीयत बिगड़ने की सूचना सामने आई है।

बसपा प्रमुख मायावती ने हल्द्वानी में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त की, धामी सरकार पर उठाए सवाल

लखनऊ, 10 फरवरी [एजेंसी]।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए शनिवार को इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक बयान में कहा, ''उत्तराखंड राज्य के हल्द्वानी में हुई हिंसा और उसमें जान-माल की क्षति अति-चिंतनीय है। अगर सरकार, प्रशासन व खुफिया तंत्र सतर्क होता तो इस घटना को रोका जा सकता था। सरकार इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए तथा अमन-चैन भी कायम करे।

'' उन्होंने कहा, ''साथ ही, उत्तराखंड से सटे उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में भी आए दिन किसी ना किसी मुद्दे को लेकर तनाव की स्थिति बनी रहती है, जिसे समय रहते सरकार को नियंत्रित कर लेना चाहिए ताकि यहां भी शांति व्यवस्था बनी रहे।

ईडी की कर्नाटक और तमिलनाडु में रेड, जांच एजेंसी ने कर्नाटक कांग्रेस नेता नारा भरत रेड्डी से जुड़ी छह संपत्तियों पर छापेमारी की

बेंगलुरू, 10 फरवरी [एजेंसी]।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को बल्लारी के कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी से जुड़ी छह संपत्तियों पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों की तलाशी में बेंगलुरु के बल्लारी में कांग्रेस विधायक के आवास, चेन्नई में उनका कार्यालय, उनके पिता का कार्यालय, उनके चाचा प्रथा रेड्डी का आवास और उनका कार्यालय शामिल हैं।

उनके बल्लारी स्थित आवास पर छापेमारी सुबह 6.30 बजे शुरू हुई, जिसमें ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए बेंगलुरु से अधिकारियों की एक टीम पहुंची। विधायक के परिवार के पास कुछ ग्रेनाइट खदान व्यवसाय हैं - एक कोप्पल जिले में और दूसरा आंध्र प्रदेश के ओंगोल जिले में। ईडी के अधिकारियों ने बेंगलुरु में उनके आवास और चेन्नई में उनके कार्यालय पर भी छापेमारी की है।

हेमंत सोरेन की बढ़ सकती है मुश्किलें, पूर्व सीएम के करीबी ने ईडी के सामने किए हस्ताक्षर, जल्द खुलेगा राज!

रांची, 10 फरवरी [एजेंसी]।

जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने रिमांड पर बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की। इस दौरान हेमंत सोरेन के करीबी आर्किटेक्ट विनोद सिंह से भी ईडी ने दिनभर पूछताछ की। उनसे ईडी ने पूर्व सीएम के साथ किए गए वॉट्सएप चैट का सत्यापन कराया और उसकी जानकारी ली। उक्त चैट के कागजात पर हस्ताक्षर भी ईडी अधिकारियों ने लिया। ईडी ने विनोद सिंह के ठिकाने से तीन जनवरी के छापे में बरामद 25 लाख रुपये का हिसाब भी लिया है। बताया जाता है कि रुपयों के स्रोत को लेकर दिए गए विनोद सिंह के तर्क से ईडी के अधिकारी संतुष्ट नहीं हैं। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू भी शुक्रवार की दोपहर ईडी कार्यालय पहुंचे। जानकारी मिली है कि ईडी ने उनसे उनके मोबाइल का डेटा निकालने के लिए बुलाया था। उनसे पूछताछ नहीं हुई है। जांच में सहयोग करने व मोबाइल का डेटा निकालने के लिए ईडी ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाया था।

ईडी को अब तक की पूछताछ में बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन के संबंध में ढ़ेरों जानकारी मिली है। बड़गाईं का तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद जालसाजों के साथ मिलकर जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ करता था। भानु प्रताप प्रसाद को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने वालों पर ईडी की नजर है। ईडी उससे हेमंत सोरेन व उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम पर अर्जित चल-अचल संपत्ति की भी जानकारी ले रही है।

क्या समझते हो किसी को भी खरीद लोगे, जेडीयू ने लालू परिवार को चेताया, कहा- इतना घमंड ठीक नहीं

पटना । जदयू में टूट को लेकर राजद-कांग्रेस की बयानबाजी पर जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में चट्टान की तरह मजबूत है जदयू। राजीव रंजन ने कहा कि सत्ता का ख्याली पुलाव पका रहे राजद-कांग्रेस नेता इस बात की गांठ बांध लें कि उनका कोई भी जोर जदयू कार्यकर्ताओं पर चलने वाला नहीं है। जदयू के कार्यकर्ताओं की वफादारी जनता के प्रति है। परिवारवादी ताकतें उन्हें किसी भी कीमत पर झुका नहीं सकती। राजीव रंजन ने कहा कि राजद-कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों ने हमेशा ही सेवा के बजाए मेवा लूटने को तरजीह दी है।

जनता से लूटी अकूत संपदा पर उन्हें इतना घमंड है कि उन्हें यह लगता है कि वह किसी को भी खरीद लेंगे। ये लोग जान लें समाजवादी जनसेवा के लिए जाने जाते हैं। उनका जमीर परिवारवादी की तरह बिकाऊ नहीं होता।

करोड़ों कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, ईपीएफओ ने 2023-24 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत तय की

नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।

देश के रिटायरमेंट फंड निकाय ईपीएफओ ने शनिवार को साल 2023-24 के लिए ब्याज दर तय कर दी है। यह ब्याज दर 8.25 प्रतिशत रहेगी और यह बीते तीन वर्षों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2023 में कर्मचारी भविष्य निधि फंड में सरकार ने 2022-23 के लिए ब्याज दर 8.15 प्रतिशत तय की थी। वहीं 2021-22 के लिए यह 8.10 प्रतिशत थी। मार्च 2022 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2021-22 के लिए ब्याज दर को बीते चार दशकों के मुकाबले कम करते हुए 8.1 प्रतिशत कर दिया था। यह 1977-78 के बाद सबसे कम था।

ईपीएफओ में फैसले लेने वाली निकाय सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) ने शनिवार को हुई बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि के लिए 2023-24 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है। सीबीटी ने मार्च 2021 में ईपीएफ पर ब्याज दर 8.5 प्रतिशत तक तय की थी। जनवरी में ईपीएफओ ने आधार कार्ड को जन्मतिथि के लिए स्वीकार्य दस्तावेज मानने से इनकार कर दिया था।

कर्मचारी भविष्य निधि, बीस या अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए एक अनिवार्य योगदान है। इसके तहत कर्मचारी के वेतन से मासिक आधार पर 12 प्रतिशत हिस्सा ईपीएफ खाते में डाला जाता है और उतना ही योगदान नियोक्ता द्वारा दिया जाता है। नियोक्ता के हिस्से में से 3.67 प्रतिशत हिस्सा ईपीएफ खाते में और बाकी का 8.33 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) में जमा किया जाता है।

भक्तों की भेंट से भरा महाकाल का खजाना एक साल में 169 करोड़ से अधिक आय

उज्जैन, 10 फरवरी ।

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। महाकाल महालोक बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में बढौतरी हुई है। प्रतिदिन औसतन डेढ़ लाख भक्त महाकाल मंदिर पहुंच रहे हैं। इसके साथ मंदिर में अर्पण राशि भी बढती जा रही है।

भक्तों की भेंट से राजा महाकाल का खजाना भर गया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार 1 जनवरी 2023 से 1 जनवरी 2024 तक सालभर में एक अरब 69 करोड़ 73 लाख 73 हजार 631 रुपये की आय प्राप्त हुई है। उधर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की साथ आय में भी वृद्धि हुई है।

जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर एनआईए की छापेमारी, टेरर फंडिंग मामले में की कार्रवाई

जम्मू और कश्मीर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संगठन जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर द्वारा आतंकी फंडिंग के मामले में शनिवार को कश्मीर के कुछ हिस्सों में तलाशी ली। सूत्रों का कहना है कि एजेंसी के अधिकारी ये छापेमारी कश्मीर के दक्षिणी क्षेत्र के अलावा श्रीनगर और जम्मू में भी कर रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में छापेमारी चल रही है। 28 फरवरी, 2019 को यूए (पी) अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी, जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

कलेक्टर ने महतारी वंदन योजनांतर्गत फार्म भर रहे शिविर स्थलों का किया निरीक्षण

लेमरू, नकिया, विमलता में महतारी वंदन योजना एवं पीएम आवास के हितग्राहियों से की चर्चा

कोरबा । जिले के दूरस्थ वनांचलों में महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए महिलाओं में खुशी एवं उत्साह है। योजना का लाभ लेने महिलाएं शिविरो में पहुँचकर आवेदन जमा कर रही है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कोरबा विकासखंड के ग्राम लेमरू, नकिया एवं विमलता में महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं द्वारा किए जा रहे आवेदन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं से योजना की प्रतिक्रिया लेते हुए सभी पात्र महिलाओं को आवेदन करने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, जनपद पंचायत कोरबा सीईओ श्रीमती इंदिरा भगत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं को फॉर्म भरने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए, सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिलना चाहिए, कोई भी पात्र महिला योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं होनी चाहिए। इस हेतु सभी पात्र महिलाएं निर्धारित समयावधि में आवेदन अनिवार्य रूप से जमा करें। पंचायत के सरपंच, सचिव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों को महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में महतारी वंदन का फार्म रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदन भरने में महिलाओं को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। महिलाओं को फार्म भरने में मार्गदर्शन करें एवं इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी प्रदान करें। उन्होंने महिलाओं को आवेदन जमा करने दौरान ही अनिवार्य रूप से पावती प्रदान करने के निर्देश दिए। जिससे उनके पास फॉर्म जमा करने का प्रमाण रहें एवं आगे चलकर किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने ग्राम लेमरू व विमलता में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से भेंटकर आवास निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने प्रथम किश्त की राशि प्राप्त सभी हितग्राहियो को जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। मिट्टी के कच्चे मकानों में सर्दी, बरसात के दिनों में बहुत तकलीफ होती है। इस हेतु आप सभी पीएम आवास के तहत अपना आवास निर्माण जल्दी प्रारंभ करें। साथ ही द्वितीय, तृतीय किश्त प्राप्त हितग्राहियो से भी शीघ्रता से अपना आवास पूर्ण कराने की बात कही। कलेक्टर ने सरपंच सचिव को नियमित रूप से आवास कार्य का मॉनिटरिंग करने एवं ग्रामीणों को आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने लेमरू पंचायत में पीएम आवास के हितग्राही श्री धर्म सिंह राठिया के पीएम आवास निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए जारी राशि, मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए शीघ्रता से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बेला गौठान पहुंचकर प्रशासन के अधिकारियों ने गतिविधियों को देखा

मॉडल गौठान के रूप में विकसित करने हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कोरबा । कलेक्ट रअजीत वसंत ने आज कोरबा विकासखण्ड के बेला गौठान का निरीक्षण कर गौठान में विभिन्न अधोसंरचना निर्माण एवं गतिविधियां संचालित कर मॉडल गौठान के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा उद्यानिकी, पशुपालन सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी, सरपंच, सचिव एवं गौठान से जुड़ी समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार बेला गौठान को मॉडल गौठान के रूप में विकसित किया जाएगा। इस हेतु यहां आजीविका संवर्धन गतिविधियां संचालित करने हेतु विभिन्न अधोसंरचना निर्माण कर गौठान से जुड़ी महिला समूह को स्वावलंबी बनाया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि मॉडल गौठान का उद्देश्य पूरा होना चाहिए। इस हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इस दिशा में प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने गौठान में खाद निर्माण, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन बाड़ी विकास जैसी अनेक गतिविधियां संचालित करने के लिए महिला समूह का चयन कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान करने की बात कही। साथ ही गौठान में सामुदायिक बाड़ी विकास एवं चारागाह निर्माण हेतु भी स्थान चिन्हांकन सहित अन्य तैयारियां पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

डीएम ने किया कोरबा के विभिन्न शासकीय संस्थानों का निरीक्षण

लेमरू के हायर सेकंडरी स्कूल, पीएचसी एवं नकिया में प्राइमरी, मिडिल स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति जानी

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत ने आज विकासखंड कोरबा के विभिन्न शासकीय संस्थानो का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लेमरू में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नकिया में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, मिडिल शाला, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने लेमरू के हायर सेकंडरी स्कूल का अवलोकन करते हुए विद्यालय में दर्ज बच्चों की संख्या, शिक्षको की उपलब्धता, विद्यालय की अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करने और परीक्षा को लेकर किसी तरह का तनाव व दबाव न रखने की बात कहते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने विद्यालय में गत शैक्षणिक सत्र की रिजल्ट की जानकारी लेते हुए इस वर्ष परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नकिया के पूर्व माध्यमिक शाला व मिडिल स्कूल का निरीक्षण करते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु शिक्षको को निर्देशित किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई की जानकारी लेते हुए उन्हें प्रार्थना के समय देश-प्रदेश की महत्वपूर्ण सामान्य जानकारी प्रदान करने के

निर्देश दिए।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेमरू का निरीक्षण कर कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों की स्वीकृत, दर्ज एवं रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने नकिया आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या, कुपोषित बच्चों की जानकारी, खेल सामग्री, बच्चों की दी जाने वाली गर्म भोजन, ग्रोथ चार्ट ,पोषण ट्रेकर ऐप में एंट्री की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों को अक्षर ज्ञान एवं प्रारंभिक शिक्षा भी गम्भीरता से प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों के लिए तैयार किए गर्म भोजन का अवलोकन किया। बच्चों के लिए केंद्र में चावल, दाल व दो प्रकार की हरी सब्जी तैयार किया गया था, जिस पर कलेक्टर ने बच्चों के शारीरिक विकास हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन के इस प्रयास की सराहना की।

पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा कल,07 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

कोरबा। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 रविवार 11 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 तक तथा अपरान्ह 03 से शाम 05 तक दो पालियों में होगी। इस परीक्षा में जिले में 7086 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिनके लिए 20 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय ई.व्ही.पी.जी. महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा में मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है।

असंगठित मजदूरों के कल्याण के लिए बजट में कोई चीज नहीः दीपेश

कोरबा। एटक के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा है कि प्रदेश का बजट अपेक्षाओं के कसौटी के अनुरूप नहीं है । ऐसा लगता है ।यह पूरी तरह सामने लोक सभा चुनाव को सामने रख कर बजट बनाया गया है इसी तरह सरकार ने बजट मे यह दावा किया है । कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे जो मात्र ख्याली पुलाव है इसके साथ ही बजट मे यह भी कहा गया है । कि राज्य का लक्ष्य वर्तमान मे जो 5 लाख करोड़ है वह अगले 5 साल मे 10 लाख करोड़ ले जाने ने का सिर्फ लक्ष्य बनाया है वास्तव में यह हो पाएगा कि नहीं उसमें संदेह है इसी तरह युवा बेरोजगारों के रोजगार सृजन के कोई उपाय बजट मे नहीं है वहीं असंगठित मजदूरों के कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजट मे कोई प्रावधान नहीं किया गया है सबसे हैरानी की बात तो यह है कि प्रदेश के समस्त जिलों मे सबसे ज्यादा राजस्व देने वाली कोरबा जिले का बजट मे पूरी तरह उपेक्षा किया गया है कुलमिलाकर प्रदेश का बजट निराशाजनक है।

खदान के बाद चोरों का नजर अब ऑफीसर कॉलोनी में लगी ,लगातार हो रही चोरियों से अधिकारी वर्ग परेशान

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड दीपका एरिया के ऑफिसर कॉलोनी में इन दिनों लगातार हो रहे चोरियों से आधिकारिक परेशान है।

बता दे कि चोरों की नजर इन दिनों कोयला खदान से हटकर अब ऑफीसर कॉलोनी में टिक गई है एक के बाद एक हो रही चोरियां से अधिकारी वर्ग अब परेशान है ऐसा नहीं है इसकी शिकायत पुलिस को नहीं की गई पुलिस को शिकायत करने के बाद भी चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है । चोरों ने एक के बाद एक पांच आवासों को अपना निशाना बनाया है।

दीपका एरिया में पदस्थ कार्मिक प्रबंधक जितेंद्र दुबे आवास क्रमांक ष्ट 87 प्रगति नगर कॉलोनी के यहां से वाशिंग मशीन, माइक्रो ओवन, सिलेंडर ,डाइनिंग टेबल फ्रेम, ड्रम समेत अन्य सामान को चोरों ने पार कर दिया। वही आवास क्रमांक ष्ट 121 पंकज कुमार उप प्रबंधक के यहां से टीवी, लैपटॉप, फ्रिज, वाशिंग मशीन, माइक्रो ओवन कपड़े समेत कीमती सामान को चोर ले उड़े । डिप्टी मैनेजर ईश कुमार ष्ट 58 में निवासरत है यहां से भी चोरों ने वाशिंग मशीन और कीमती सामानों को चोरी कर लिया ।चीफ मैनेजर अश्वनी चंद्रा डी 11 में निवासरत है उनके यहां से चोरों ने टीवी ,फ्रिज, गद्दे कपड़े समेत अन्य कीमती सामानों को चोरों ने निशाना बनाया।लगातार हो रही चोरियां को लेकर अधिकारी अब परेशान है पुलिस प्रशासन को भी इसकी लिखित शिकायत की गई है ।

वही बीती रात फिर ऑफीसर कॉलोनी के आवास क्रमांक सी 70 में चीफ मैनेजर श्री खिरानी साहब के सुनसान आवास चोरों ने अपना निशाना बनाया किंतु समय रहते विभागीय सुरक्षा कर्मी ष्ट्रुस्क के जवान पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए जिससे यहां चोरी की वारदात को चोर अंजाम तक नहीं पहुंचा सके और वहां से फरार हो गए।

मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों पर किया हमला

कोरबा। सीतामढ़ी मुख्य मार्ग शनि मंदिर के पास अचानक झुंड में मधुमक्खियां आ गयी। जिनको देखने के बाद कोई कुछ समझ पाता यहां से गुजर रहे लोगो पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। जिससे वहां अफरा तफरी मच गयी। मधुमक्खियों का डंक लगने के से कई लोग घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।जानकारी के मुताबिक़ शनि मंदिर के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों पर हमला करना शुरू कर दिया। पहले तो लोगों को समझ नहीं आया की लोग भाग क्यों रहे हैं जब मधुमक्खियों के झुंड ने एक के बाद एक राहगीर पर हमला करना शुरू किया तो लोगों को समझ आ गया की मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया है

सीआईएल के निदेशक चौधरी पहुंचे एसईसीएल कुसमुंडा खदान

कोरबा । सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट के दौरे पर आए कोल इंडिया निदेशक सीआईएल के निदेशक (विपणन) चौधरी पहुंचे एसईसीएल कुसमुंडा खदान मुकेश चौधरी ने एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का दौरा किया। एसईसीएल दौरे के अगले चरण में कोल इंडिया निदेशक (विपणन) मुकेश चौधरी द्वारा एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का दौरा किया एवं क्षेत्र में उत्पादन एवं प्रेषण गतिविधियों का जायज़ा लिया। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय मिश्रा एवं महाप्रबंधक मुख्यालय से महाप्रबंधक (विक्रय-विपणन) सी.बी. सिंह उनके साथ रहे।

एसईसीएल दौरे पर आए कोल इंडिया निदेशक (विपणन) मुकेश चौधरी द्वारा एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में एफएमसी (फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी) के तहत बनाए जा रहे रैंपिड लोड आउट सिस्टम का जायजा लिया गया एवं अधिकारियों से चर्चा कर निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक, गेवरा क्षेत्र एस.के. मोहंती, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र संजय मिश्रा एवं एसईसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक (विक्रय-विपणन) सी.बी. सिंह दौरे पर उनके साथ रहे।

लाभ देने वाला बजट

कोरबा। पार्षद एवं भाजयूमो के जिला महामंत्री नरेन्द्र देवांगन ने कहा है कि महिलाओं, युवाओं और किसानों के भाजपा को सीधे तौर पर लाभ देने वाला बजट है। शहर से लेकर सुदूर वनांचल में रहने वाले लोगो की चिंता की गई है। अब गरीबों को मकान किसानों को दाम और युवाओं को बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध होंगे ।

डबल इंजन की सरकार में विकास का नया अध्याय लिखेगा यह बजटः लखन

कोरबा। आज छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता के लिए ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अथक ऊर्जा और सरल सहज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा घोषित किया गया यह बजट एकमात्र आय-व्यय का सिर्फ लेखा-जोखा नही बल्कि 10 आधारभूत रणनीतिक स्तंभ के माध्यम से प्रदेश के हर वर्ग तक लाभ पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। वित्त मंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ के अमृतकाल के नींव का बजट आज विधानसभा में पेश किया गया। मोदी जी के 2047 तक निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमारी सरकार एक महत्वपूर्ण योगदान देगी।

इस बजट में उद्योग और श्रम के क्षेत्र में प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार आने वाले एक साल में कई महत्वपूर्ण कार्य करेगी इसका लाभ हजारों मजदूरों को मिलेगा। नई उद्योग नीति जल्द ही लागू की जायेगी। भूमिहीन कृषि मजदूरों की सहायता के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना प्रारंभ की जाएगी। इससे प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 10 हजार की आर्थिक सहायता मिलेगी। इसके लिए बजट में 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है।असंगठित श्रमिकों, असंगठित सफाई कर्मकारों, ठेका मजदूरों, घरेलू कामाकाजी महिलाओं एवं हमालों के कल्याण के लिए अटल श्रम सशक्तिकरण योजना प्रारंभ होगी। इसके लिए 123 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह श्रमिकों की योजनाओं के ऑनलाइन मानिटरिंग के लिए श्रमेव जयते पोर्टल शुरू किया जाएगा। नये औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए 60 करोड़, फूड पार्कों के लिए 50 करोड़, लागत पूंजी अनुदानों के लिए 200 करोड़ एवं ब्याज अनुदान हेतु 50 करोड़ प्रावधान किया गया है। राजधानी में बनेगा यूनिटी मॉल, स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि प्रदेश के हैंडलूम हस्तशिल्प व अन्य स्थानीय उत्पादों के बिक्री एवं प्रचार प्रसार के लिए मार्केट प्लेस उपलब्ध कराने कि लिए यूनिटी मॉल की स्थापना की जाएगी। इसके लिए 80 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ के माध्यम से देश-विदेश से बड़े उद्योगपति छत्तीसगढ़ आयेंगे। इन्वेस्ट इंडिया के तर्ज पर इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा इसके लिए बजट में 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टार्टअप हब और नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग इकाईयां स्थापित करने के लिए स्टार्टअप समिट का आयोजन किया जाएगा।

अडानी का हुआ लैकों पॉवर प्लांट

कोरबा। अपने स्थापना काल से ही लगातार विवादों के केंद्र में रहे कई सालों से वित्तीय संकट से जूझ रहे पॉवर कंपनी लैंको अमरकंटक पावर पॉवर कंपनी की डील पूर्ण हो गई है।

किसी भी देश को वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में औद्योगिक घरानों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पॉवर कंपनी के क्षेत्र में अडानी समूह सर्वाधिक सक्रिय औद्योगिक घरानों में आज ऊंचाई पर है और यही कारण है कि विदेशों में सफलता के लगातार परचम लहराने के साथ ही देश में भी इसकी टक्कर में आगे पीछे 10 पायदान तक कोई दिखाई नहीं देता।पावर सेक्टर में गौतम अडानी के अडानी समूह का वर्चस्व लगातार बढ़ रहा है और इसी क्रम में कोरबा स्थित लैंको अमरकंटक पॉवर कंपनी को भी इस समूह ने अपने एकाधिकार में ले लिया है।सूत्रों के अनुसार लैंको के लिए अडानी समूह ने कुल 4,101 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है लेकिन इसकी घोषणा सार्वजनिक रूप से किन कारणों से सामने नहीं आ पाई है और न ही इस संबंध में अडानी समूह की ओर से कोई बयान नहीं दिया जा रहा है..यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के भी इस नीलामी की प्रक्रिया में सामने आने की बात आरंभ में सामने आई थी लेकिन ये दोनों बड़े समूहों का नीलामी की प्रक्रिया से दूरी बनाए रखना औद्योगिक जगत को चकित कर गया। सूत्रों की माने तो इनके अलावा मुकेश अंबानी, वेदांता समूह से अनिल अग्रवाल, नवीन जिंदल भी आरंभिक प्रक्रिया में लैंको को लेकर रूचि दिखा रहे थे।

एल्युमिनियम पार्क की घोषणा स्वागतेय

कोरबा। जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन व महामंत्री विनोद अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा अपने बजट भाषण में कोरबा को एल्मुनियम पार्क की सौगात दी है जो स्वागतेय हैं कोरबा औद्योगिक क्षेत्र के विकास व रोजगार के लिए एल्मुनियम पार्क की मांग दशकों से की जा रही है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने कोरबा जिला महिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

कोरबा। भारत जोडो न्याय यात्रा अभियान के तहत दिनांक 11 एवं 12 फरवरी को कोरबा में प्रस्तावित राहुल गांधी के कार्यक्रम में सफल बनाने के लिए कोरबा जिला महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय कोरबा में सम्पन्न हुई। महिला जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने उपस्थित समस्त महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को पूरी निष्ठा के साथ एकजुटता का परिचय देते हुए प्रयास करना है कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता मिले। उन्होने अपनी रणनीति साझा करते हुए कहा कि हम सभी अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर संपर्क करना है और राहुल गांधी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह करना है। हम सभी को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चिन्हांकित स्थानों पर जिम्मेदारी के साथ समय पर उपस्थित होना है। राहुल गांधी इस न्याय यात्रा के माध्यम से आम नागरिकों के हक की लड़ाई के तहत विशेष जागरूकता का प्रसार कर रहे हैं। जो सभी के हित में है।उन्होंने कहा कि हम सबका यह दायित्व है कि इस न्याय यात्रा अभियान को ऐतिहासिक सफलता दिलाये। कोरबा में राहुल गांधी का आगमन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा, इसमें संदेह नही। राहुल जी का यह अभियान आम नागरिको के हित में है।इस अवसर पर सीमा उपाध्याय, शालू पनेरिया, कांती यादव, गीता महंत, शांता मंडावे, गीता महंत, लेखिका चंद्रा, ललिता गवेल, हसीना बेगम, पूजा श्रीवास्तव, गीता, मीरा अग्रवाल, शालिनी गभेल, हराबाई कुर्रे, ललिता यादव, सावित्री विश्वकर्मा, संतोषी विश्वकर्मा, अर्चना सखोरे, शायम बाई, सावित्री, गिरजा ठाकुर, रजनी, गुड्डी, रंजीता , शुभा महंत सहित बड़ी संख्या सदस्यों ने बैठक में भागीदारी निभायी।

नेता प्रतिपक्ष ने बजट में कोरबा को वरियता दिए जाने पर जताया आभार



कोरबा। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व वित्त मंत्री ओपी चौधरी को के थीम पर आधारित अमृतकाल के नींव का बजट के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। 1,47, 500 करोड़ के बजट में उन्होंने वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ बजट 2024-25 में कोरबा को वरियता दिए जाने व प्रदेश के नागरिकों पर अतिरिक्त अधिभार न लगाए जाने पर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले की बहु प्रतीक्षित मांग अब हकीकत बनेगी, कोरबा में एल्यूमिनियम पार्क घोषणा निर्माण की घोषणा के साथ कोरबा के विकास को नए पंख मिलेंगे। आए दिन बढ़ रहे साइबर अपराध के लिए बजट में नवीन साइबर पुलिस थाने की स्थापना के लिए कोरबा जिले को शामिल किए जाने पर नेता प्रतिपक्ष हितानंद ने कहा कि इससे कोरबा ही नही अन्य जिलों के पीड़ितों को भी सहायता मिलेगी। कोरबा में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा दिए जाने के लिए नया पावर प्लांट के निर्माण के फैसले का उन्होंने स्वागत करते हुए कहा है कि कोरबा अब जल्द ही समस्त छत्तीसगढ़ का ग्रोथ इंजन बनकर उभरेगा। काले हीरे की नगरी कोरबा में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए छात्रावास को उन्होंने सराहनीय पहल बताया है।

एसईसीएल कोरबा मुख्यालय का घेराव किया माकपा ने

कोरबा। एसईसीएल के बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान से प्रभावित किसानों के फसल मुआवजा की मांग को लेकर किसानों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में 12 बजे से एसईसीएल कोरबा मुख्यालय के मेन गेट को बंद करके घेराव कर दिया।घेराव के दौरान कार्यालय के अंदर बाहर निकलना पूरी तरह बंद हो गया घेराव के बाद प्रबंधन ने वार्ता के लिए माकपा और प्रभावित किसानों को बुलाया बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं होने पर प्रदर्शन कारी बैठक से उठ कर वापस बाहर निकल गए और मुख्य गेट से अंदर घुसकर महाप्रबंधक कार्यालय के अंदर धरना शुरू कर दिया इस बीच सुरक्षा कर्मियों और पुलिस से काफी नोकझोक भी हुई। 2 घंटे तक घेराव जारी रहने के बाद दुबारा प्रबंधन ने प्रदर्शनकारियों को बैठक के लिए बुलाया और 10 दिनों में मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया जिसके बाद घेराव समाप्त हुआ माकपा ने कहा कि 10 दिनों में मुआवजा भुगतान नहीं हुआ तो फिर अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा।माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान के कारण सुराकछार बस्ती के किसानों की भूमि वर्ष 2009 से कृषि कार्य करने योग्य नहीं रह गई है। इससे किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए वर्ष 2019-20 तक का फसल क्षतिपूर्ति व मुआवजा एसईसीएल प्रबंधन को देना पड़ा है। लेकिन इसके बाद वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-24 तक का चार वर्षों का मुआवजा अभी तक लंबित है। वर्ष 2012 में एसईसीएल प्रबंधन ने खेतों के भूमि समतलीकरण करने का भी आश्वासन दिया था, लेकिन उसने इस पर भी आज तक अमल नहीं किया है।छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर, और सुमेंद्र सिंह कंवर ने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार आंदोलन किया गया है। लेकिन इस पर प्रबंधन ने आज तक गंभीरता से कोई कार्यवाही नही की है और मुआवजे प्रकरण की फ़ाइल को दबाकर बैठी हुई है।

जन अपेक्षाओं के विपरीत निराशाजनक बजट

कोरबा। छत्तीसगढ़ बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि साय सरकार का पहला बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है, ना इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। बजट में नई नौकरियों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा पर गैस सब्सिडी के लिए भी बजट में प्रावधान नहीं है। उन्होने कहा है कि बजट 1 साल के लिए होता है, लेकिन झांसा 2047 तक का दिया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा प्रस्तुत पिछले बजट में छत्तीसगढ़ में चार नए मेडिकल कॉलेज खोलने की व्यवस्था दी गई थी इस बजट में एक भी नया मेडिकल कॉलेज या इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का प्रावधान नहीं है। विगत 3 वर्षों से प्रदेश सरकार ने कोई नया कर्ज नहीं लिया था, भाजपा की सरकार आते ही पिछले 2 महीने में चार बार नया कर्ज लिया गया, 5000 करोड़ से अधिक का नया कर्ज अब तक साय सरकार ले चुकी है। कुल मिलाकर साय सरकार के पहले बजट ने छत्तीसगढ़ एवं कोरबा की जनता को निराश किया है।

कलेक्टर ने एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी

गांव-गांव में पहुंचेगी एलईडी वैन,लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं को जिले के सभी विकासखंडों एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने के लिए एलईडी वैन को शुक्रवार को रवाना कर दिया गया। यह एलईडी स्क्रीन वैन जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की योजनाओं की प्रभावी जानकारी आमजन तक पहुंचाने और लाभ लेने के लिए रवाना किया गया है। ताकि, शासन की योजनाओं की जानकारी गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। वैन पर सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास स्लोगन के साथ योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर आकाश छिकारा ने एलईडी स्क्रीन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, सहायक संचालक जनसंपर्क जरीफ खान सहित

संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। एलईडी वैन जांजगीर चांपा जिले के सभी ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों, हाट-बाजार में जाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी। एलईडी वैन गांव-गांव में जाकर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चिन्हित करने के साथ ही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करेंगी। प्रदेश सरकार जन विकास व उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार हर वर्ग के उत्थान के साथ ही किसानों के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं संचालित कर रही है। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार एलईडी वैन से प्रारंभ किया गया है। ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ भी उठा सके। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और योजनाओं की जानकारी एक ही जगह मिलेगी।

सुबह-सुबह घर में लगी भीषण आग, पूरी मकान जलकर राख... इस हाल में परिवार

जांजगीर चांपा। अकलतरा थाना के गांव कटनई में सुबह के समय अचानक मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी भीषण हो गई की पूरा मकान जलकर खाक हो गया। इस दौरान में आलमारी में रखे आभूषण सहित नगदी ढाई लाख भी जलकर स्वाहा हो गया। किसान पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।अकलतरा थाना क्षेत्र के गांव कटनई में किसान संतोष कश्यप पिता मनीराम कश्यप सुबह करीब 11 बजे पूरा परिवार घर के बाड़ी में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक घर में आग लगी, जिससे भारी नुकसान हुआ।

मड़वा पॉवर प्लांट: कभी घाटे में चल रही थी कंपनी अब 82 फीसदी ग्रोथ में हो रहा उत्पादन

जांजगीर चांपा। अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा जांजगीर कभी भारी नुकसान में चल रही थी, लेकिन अब पर्याप्त कोयला व जरूरी संसाधन उपलब्ध होने से कंपनी 82 फीसदी फायदे में चल रही है। यह बातें अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विद्युत उत्पादन की दिशा में और बेहतर करने जा रही है। ताकि उत्पादन भी और बढ़े। कंपनी में विस्तार भी किया जाएगा। कर्मचारियों की भी भर्ती की जाएगी। हालांकि भर्ती में भूविस्थापितों को पहली वरीयता क्रम में भर्ती की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों के सामने कहा कि यह कंपनी पहले बेहद नुकसान में चल रही थी। भूविस्थापित कर्मचारियों द्वारा लगातार हड़ताल किया जा रहा था। इससे उत्पादन पर खासा फर्क पड़ रहा था। दो साल पहले यहां व्यापक तौर पर तोडफ़ोड़ भी हुई थी। इससे सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा था। इतना ही नहीं शुरुआती दौर में यह कंपनी बेचने की स्थिति में भी आ गई थी। क्योंकि खर्च के हिसाब से उत्पादन न होने से कंपनी की माली हालत खराब हो चुकी थी। इससे उबरकर कंपनी बेहतर स्थिति में खड़ी है। कंपनी के संचालन के लिए पर्याप्त कोयला भी है। मौजूदा हालात में 4 लाख टन से अधिक कोयला सुरक्षित रखा है। इतना कोयला चार महीने तक चल सकती है। सुखद समाचार यह है कि यह कंपनी अब बिजली उत्पादन में प्रदेश में नंबर वन के पायदान पर है।

सीएसआर मद की राशि में पेंच

सीएसआर मद की राशि को लेकर आसपास के गांव के लोगों में नाराजगी रहती है, जिसे दूर किया जाता है। सीएसआर मद की राशि भी राज्य शासन के मार्गदर्शन में रिलीज किया जाता है। हालांकि कलेक्टर के निर्देशन में यह राशि जारी होती है। सामाजिक सरोकार के तहत बीते वर्ष जांजगीर के खड़पड़ी तादात की गहरीकरण के लिए तकरीबन 6 लाख रुपए जारी की गई थी। हालांकि इसके भुगतान में थोड़ा पेंच फंस गया था। बड़ी मुश्किल से इसका भुगतान हो पाया था। वहीं आसपास के गांवों में भी सीएसआर मद के तहत विकास कार्य किए जाते हैं।

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

तीन दिवसीय आयोजन 10, 11 और 12 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी रंगारंग प्रस्तुति

छालीवुड सुपर स्टार पद्मश्री अनुज शर्मा बांधेंगे समा,सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का होगा आयोजन

जांजगीर-चांपा। जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 - शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में 10 फरवरी को सुबह 11 बजे हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओ. पी. चौधरी करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक जांजगीर-चाम्पा व्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक, पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरवंश, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू, पूर्व विधायक, जांजगीर-चाम्पा नारायण चंदेल, पूर्व विधायक, अकलतरा सौरभ सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती यनिता यशवंत चन्द्रा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा राघवेन्द्र प्रताप सिह, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला, भगवान दास गढेवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चाम्पा जय थवाईत होंगे।

10 फरवरी को प्रात: 10 बजे सुनील तिवारी समूह की रंग झांझर प्रस्तुति, दोपहर 3 बजे से मलखम्भ (पामगढ़ के खेल प्रतिभाओं द्वारा), दोपहर 3.30 बजे से जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम, सायं 6 बजे से स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति और रात्रि 8

बजे से छालीवुड सुपर स्टार पद्मश्री अनुज शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन भी किया जाएगा।

11 फरवरी को किसान सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे सांसद श्री गुहाराम अजगल्ले

11 फरवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान सम्मेलन का शुभारंभ सांसद गुहाराम अजगल्ले के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस दौरान प्रात: 10 बजे से वृहद किसान सम्मेलन, कृषि संगोष्ठी (उद्यान, पशुधन और मत्स्य पालन विभाग) कृषि वैज्ञानिकों का संवाद एवं कृषि यंत्रों की जीवन्त प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में सायं 5 बजे स्थानीय कलाकरो की प्रस्तुति, रात्रि 7.30 बजे श्रीमती पूर्णश्री राउत (ओडिसी नृत्य), रात्रि 8 बजे श्रीमती अल्का चन्द्राकर (फुलवारी समूह द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य एवं गीत) प्रस्तुति की जाएगी।

महोत्सव एवं कृषि मेला का समापन करेंगे सांसद गुहाराम अजगल्ले -

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 का समापन 12 फरवरी को सायं 4 बजे हाई स्कूल मैदान जांजगीर में सांसद गुहाराम अजगल्ले के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस दौरान प्रात: 10 बजे से कृषि वैज्ञानिकों का संवाद उन्नत नश्ल पशु प्रदर्शनी एवं कृषि यंत्रो क जीवन्त प्रदर्शनी, दोपहर 12 बजे जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे से स्थानीय कलाकारो की प्रस्तुति, सायं 5 बजे से अनुराग धारा श्रीमती कविता वासनिक इतीसगढ़ी लोक नृत्य एवं गीत एवं रात्रि 7 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का प्रदर्शन किया जाएगा। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में गोविन्द राठी (शुजालपुर), श्रीमती पद्मिनी शर्मा (दिल्ली), मनवीर मधुर (मथुरा), मीर अली मीर (रायपुर), हीरामणी वैष्णव (कोरबा), रमेश विश्वहार (रायपुर) और बंशीधर मिश्रा (अकलतरा) द्वारा कविता पाठ किया जाएगा।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए बैनर पोस्टर से पटा शहर

सक्ती। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ोन्याय यात्रा 11 फरवरी को सक्ती पहुंचेगी। जिला आगमन पर कांग्रेसी शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बेनर पोस्टर ,होर्डिंग लगाकर उनके स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। इन बेनर और पोस्टरों को देखने से ऐसा लगता है कि कांग्रेसियों मेंहोड है और गुटबाजी भी स्पष्ट दिख रही है।जिले की सीमा जहां से शुरू होती है वहीं से बेनर पोस्टर लगना शुरू हो गया है। अग्रसेन चौक से गौरव पथ, बुधवारी बाजार, नगर पालिका वार्ड क्रमांक 4 तक को बेनर पोस्टर होर्डिंग से पाट दिया गया है। अग्रसेन चौक में अग्रसेन प्रतिमा केचारो ओर कांग्रेसियों द्वारा बेनर ,पोस्टर लगाया गया है। बेनर पोस्टर के माध्यम से कांग्रेसी नेता शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में भी दिख रहे हैं। बहरहाल लोगों को भी भारत जोड़ों न्याय यात्रा के काफिले का इंतजार है। यहां अग्रसेन चौक के पास बस के ऊपर से ही राहुल गांधी लोगों को संबोधित करेंगे। यहां से यात्रा कोरबा जिले की ओर बढ़ेगी ।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति कर मनमोहा

डभरा। शासकीय पूर्वमाध्यमिक विद्यालय अमलीपाली मेंवार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत की सरपंच नाथ बाई थी। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान पाठक इंद्र कुमार पटेल, जनपद सदस्य छेदूराम सिदार थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रधान पाठक राजकुमार पटेल एवं अन्य शिक्षकों ने किया। मुख्य अतिथि सरपंच नाथ बाई ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार का यह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनमोहक एवं आकर्षक रहा।

स्थापित हुई बजरंगबली की प्रतिमा

तुस्मा। ब्लॉक नवागढ़ अंतर्गत ग्राम खैरताल व कटौद के बीच बजरंगबली की प्रतिमा को किसी ने गुरुवार की रात हटा दी थी, वहां पर बजरंगबली की प्रतिमा व ध्वज की दोबारा स्थापना की गई।

कांग्रेस और बसपा समर्पित जिला पंचायत सदस्यों को नहीं मिला लोक महोत्सव का निमंत्रण

आयोजन में मनमानी कर रहे हैं अधिकारी

जांजगीर-चांपा। जिला मुख्यालय जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक जाज्वल्य देव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला आयोजित किया गया है, जिसके लिए आयोजन समिति द्वारा आमंत्रण पत्र वितरण किया गया है परन्तु, उक्त आमंत्रण पत्र जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के कांग्रेस और बसपा समर्थित सदस्यों को नहीं मिला है, जिससे उनमें गहरी नाराजगी है। इस बात से आक्रोशित कई सदस्यों ने कलेक्टर से शिकायत कर अपनी नाराजगी जाहिर की है। इतना ही नहीं बल्कि शहर के अन्य भी गणमान्य जन्म तथा जनप्रतिनिधियों को इस आयोजन का निमंत्रण नहीं दिया गया है निमंत्रण पत्र बांटने में अधिकारी वर्ग अपनी मनमानी पर उतर आए हैं जो जनप्रतिनिधियों की हैसियत निर्धारित कर अपने इच्छा अनुसार निमंत्रण पत्र बांट रहे हैं। यह आयोजन एक तरह से कृषि से संबंधित किसान एवं उनके हितों को लेकर आयोजित किया गया है किंतु कृषि स्थाई समिति के सभापति को ही इस आयोजन से एक तरह से दूर रखा गया है साथ ही साथ उन्हें निमंत्रण पत्र भी आयोजन के लिए नहीं भेजा गया है यह बड़े ही दुर्भाग्य का विषय है इससे लगता है कि कलेक्टर का अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं है।

जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू ने कहा कि वे कृषि स्थाई समिति के सभापति है किंतु, इस आयोजन के संबंध में उन्हें किसी प्रकार का आमंत्रण पत्र आज तक प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि 10 फरवरी से उक्त आयोजन शुरू हो जाएगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय शिरकत कर रहे हैं । जिला प्रशासन की ओर से अब तक आमंत्रण पत्र नहीं मिलना अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का उपेक्षा पूर्ण व्यवहार कांग्रेस और बसपा समर्थित जिला पंचायत के सदस्यों के साथ ही हुआ है। कांग्रेस समर्थित उनके साथी सदस्यों को जान्ल्य देव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला से संबंधित किसी प्रकार का कोई आमंत्रण पत्र अब तक नहीं मिला है। इस बात की शिकायत हमने कलेक्टर से करते हुए गहरी नाराजगी जताई है। वही बसपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य लखन लाल साहू ने कहा कि इस आयोजन के संबंध में हमें किसी प्रकार का कोई निमंत्रण पत्र जिला प्रशासन की ओर से नहीं मिला है। इस बात की जानकारी लेने के लिए जब पंचायत विभाग के उपसंचालक अभिमन्यु साहू से मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया गया तो उन्होंने गलत व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि हम आपके नौकर नहीं है, जो आपके आमंत्रण पत्र को आपके घर तक पहुंचाएंगे। आपका आमंत्रण पत्र जनपद पंचायत नवागढ़ के कार्यालय में भिजवा दिया गया है, आप वहां से अपना आमंत्रण पत्र प्राप्त कर लो। जिला पंचायत सदस्य लखन साहू ने कहा कि इस पूरे मामले की जानकारी कलेक्टर आकाश छिकारा को मोबाइल के माध्यम से दी गई है और उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत भी कराया गया है मगर, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रति जिला प्रशासन का यह रवैया अत्यंत ही अशोभनीय एवं दुर्भाग्य जनक है। इस संबंध में कलेक्टर से मुलाकात कर उनके साथ और भी विस्तृत चर्चा की जाएगी।

यहां यह बताना आवश्यक है कि जिला पंचायत में पदस्थ उपसंचालक अभिमन्यु साहू जिला पंचायत को अपनी बपौती संपति समझ रहे हैं उन्हें यह नहीं मालूम कि वह लखन लाल साहू के नौकर तो नहीं हैं बल्कि छत्तीसगढ़ के पूरे नागरिकों के नौकर जरुर है जिनके शासन के खजाने से अभिमन्यु साहू को प्रत्येक महीने वेतन दिया जाता है जो जनप्रतिनिधि लखन लाल साहू के प्रति अशोभनीय व्यवहार कर उन्हें पीड़ा पहुंचाने का काम किए हैं। उनके इस कृत्य के कारण उन्हें दंडित किया जाना आवश्यक है क्योंकि अभिमन्यु साहू एक सरकारी नौकर है जिन्हें अपनी हदों में रहने रहनी चाहिए। अभिमन्यु साहू जब से जिला पंचायत जांजगीर चांपा में सदस्य हुए हैं तब से यह भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हो गई है जिनके द्वारा लोगों को समय-समय पर परेशान किया जाता हैं तथा यह पदस्थ रहते हुए अकूत संपत्ति बना रहे हैं जिनके कार्यकाल की जांच भी किया जाना लोकगीत में आवश्यक है।

न्यायालय नजूल अधिकारी मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
(क्रीडो रेखा जिस प्रति सीध आवश्य ले अन्य 01)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्रमांक/ /अ-6/2023-24

नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा सिंह पति श्री जयशंकरसिंह सिंह, निवासी-मालवीय चबोटर के पीछे मनेन्द्रगढ़, अनावेदक सीपत आवास आ. स्व. सुरेशकांत आवास एवं सीपत आवास पति स्व.सुरेशकांत आवास दोनों निवासी-सकेरा डाउनर के पास मनेन्द्रगढ़, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सूचना पत्र के माध्यम तथा कि भू०राजस्व कार्ड नं. 71/ग्रामा गोपी वार्ड/ प.ह.न.14 में स्थित नजूल ग्रामा नं. 408/2 रकबा 456 वर्गफुट भूमि तथा उस पर स्थित मकान का नजूल अधिकारी में दर्शाकृत एकमात्र वारिस अनावेदकगण है। आवेदिका, अनावेदकगण की उपरोक्त भूमि को खरीदना चाहता एस.डी.ओ. के ए.ड.क. 202309 33010015/ब-20(3)/2022-23 दिनांक 04.01.2024 के द्वारा अनुमति प्राप्त करके दिनांक 17.01.2024 को पंजीकृत बैनामा द्वारा क्रय की है। आवेदिका ने उपरोक्त भूमि की समस्त विक्रय लीप अनावेदक को भुगतान कर दिया था जिसे प्राप्त करके ही अनावेदक द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन आवेदिका के पक्ष में कराया संबंधित संपत्ति का कब्जा आवेदिका को सौंप दिए है। आवेदिका उपरोक्त संपत्ति का नामांतरण अपने नाम से कराना चाहती है। ऐसा आवेदन प्रस्तुत कर विक्रय के आधार पर नाम दर्ज किये जाने को निवेदन किया गया है।

अतः उक्त नामांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना है तो दिनांक 26.02.2024 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी।

(सील) नजूल अधिकारी मनेन्द्रगढ़

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोरबा जिला-कोरबा(छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.298/क-121/2023-24
ग्राम-दादरखुर्द, प.ह.नं. 21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सजीत कुमार पिता स्व. बृज्ज नारायण लाल जाति निषादी हा.बोर्ड कालोनी दादरखुर्द तहसील कोरबा जिला कोरबा द्वारा अपने चाची श्रीमती कान्ति देवी का दिनांक 26.12.2022 को मृत्यु होने का उल्लेख करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बावत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति को तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 23.02.24 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.02.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
(श्रीमती रेखा सिंह प्रति सीध आवश्य)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्रमांक/ /अ-6/2023-24

नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा सिंह पति श्री जयशंकरसिंह सिंह, निवासी-मालवीय चबोटर के पीछे मनेन्द्रगढ़, अनावेदक सीपत आवास आ. स्व. सुरेशकांत आवास, निवासी-सकेरा डाउनर के पास मनेन्द्रगढ़, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सूचना पत्र के माध्यम तथा कि भू०राजस्व कार्ड नं. 71/ग्रामा गोपी वार्ड/ प.ह.न.14 में स्थित नजूल ग्रामा नं. 407 रकबा 722 वर्गफुट भूमि तथा उस पर स्थित मकान का नजूल अधिकारी में दर्शाकृत एकमात्र वारिस अनावेदक है। आवेदिका, अनावेदक की उपरोक्त भूमि को खरीदना करोबार महोदय एस.डी.ओ. के ए.ड.क. 202309330100014/ब-20(3)/ 2022-23 दिनांक 04.01.2024 के द्वारा अनुमति प्राप्त करके दिनांक 17.01.2024 को पंजीकृत बैनामा द्वारा क्रय की है। आवेदिका ने उपरोक्त भूमि की समस्त विक्रय लीप अनावेदक को भुगतान कर दिया था जिसे प्राप्त करके ही अनावेदक द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन आवेदिका के पक्ष में कराया संबंधित संपत्ति का कब्जा आवेदिका को सौंप दिए है। आवेदिका उपरोक्त संपत्ति का नामांतरण अपने नाम से कराना चाहती है। ऐसा आवेदन प्रस्तुत कर विक्रय के आधार पर नाम दर्ज किये जाने को निवेदन किया गया है।

अतः उक्त नामांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना है तो दिनांक 26.02.2024 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी।

(सील) नजूल अधिकारी मनेन्द्रगढ़

न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गिरिजा सिंह केवा सा. स्थायकंर सिंह पता-बाघदरा नं. 5 शिवाजी नगर कोरबा व जिला कोरबा द्वारा ग्राम पोड़ी तहसील दीपका में स्थित अपने पति श्री स्थायकंर सिंह पिता संतबक्सा सिंह के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 503 रकबा 0.10 एकड़ भूमि के खातेदार स्थायंकर सिंह की मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 23.02.2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 07.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
(सील) दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)

कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला-कोरबा (छ.ग.)
(रामपुर वार्ड कलेक्टोरेट परिसर, कोरबा, (Email Id:ddvskorb.cg@gov.in)

क्र. 1921/पचि/डीएमएफ/संविदा/नियु./2023-24 कोरबा, दिनांक 08.02.2024

-: सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी पद पर संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन :-

जिला कोरबा अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण करने हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यक्तियों के माध्य जिला प्रशासन के जी.एम.एफ. मद के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पदों पर संविदा भर्ती के लिये पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इसके लिये इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला कोरबा (छ.ग.) में दिनांक 22/02/2024 की सायं 4:00 बजे तक संबंधित पद के विरुद्ध भर्ती हेतु आवेदन पत्र सह शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों का एक सेट स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। संविदा भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है-

पद कोड	पदनाम	कार्यक्रम	एकमुश्त वेतन	रिक्त पद संख्या	अनुसूचित जनजाति			अनुसूचित जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग			अनारक्षित		
					मुक्त	महिला	कुल	मुक्त	महिला	कुल	मुक्त	महिला	कुल	मुक्त	महिला	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1	सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी	DMF	23350/-	15	4	2	6	1	0	1	1	1	2	4	2	6

➢ शैक्षणिक योग्यता :-

पद कोड	पदनाम	कार्यक्रम	योग्यता/Qualification
1	2	3	4
1.	सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी	DMF	VETERINARY POLYTECHNIC (D.A.H-DIPLOMA IN ANIMAL HUSBANDRY)

➢ नियम शर्तों एवं विस्तृत विज्ञापन हेतु जिले के NIC Website (https>//korba.gov.in/en/notice category/recruitment/) पर प्राप्त किया जा सकता है।
➢ वेबसाईट पर आवेदन पत्र उपलब्ध है।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
जिला कोरबा (छ.ग.)

जी-07695/4

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र.202/निर्माण/2024 दिनांक 07.02.2024

एकीकृत पोर्टल प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	ग्राम चारापारा कोहड़िया वार्ड क्र.16 के जर्जर सड़कों का डामरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य। (सी.एस.आर.मद)	1,82,83000/-	28.02.2024 (T.No.152700)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत मिशन में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

सहायक संचालक दिग्विजय से लोग भारी परेशान

जांजगीर-चांपा। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा में सहायक संचालक, डीपीआरसी के प्रभारी पद पर पदस्थ दिग्विजय दास महंत के कार्यों से यहां के केवल कर्मचारी ही नहीं बल्कि ठेकेदार,सप्लायर वर्ग भी भारी परेशान है जिनके कार्य प्रणाली से लोगों का काम समय पर नहीं हो रहा है, जो मनमाने तरीके से कार्य कर फाइलों को अन्यत्र दबाकर रख देते हैं जिसके कारण ठेकेदारों का काम समय पर नहीं होता है। बताया जाता है कि दिग्विजय दास महंत मुख्य रूप से कांग्रेसी विचारधारा के व्यक्ति हैं और उनके द्वारा जिला पंचायत कार्यालय में कांग्रेसी मानसिकता के साथ ही कार्य किया जाता है । उनके द्वारा यहां आए हुए कांग्रेसी लोगों को ही अधिक महत्व प्रदान किया जाता है। तथा उनके ही कार्यों को महत्व देते हैं ।वही जब कभी भाजपा के नेता, ठेकेदार यहां गमछा लगा कर यहां आते हैं तो उनका कार्य कभी भी समय पर नहीं किया जाता। बल्कि प्रत्येक कार्यों के लिए दिग्विजय सिंह महंत द्वारा रुपए की मांग की जाने की बातें कही जाती है। बिना रूपए के उनके द्वारा कोई कार्य संपादन नहीं किया जाता ऐसा जिला पंचायत में सर्वत्र चर्चा। अभी हाल ही में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का स्थानांतरण हो जाने के कारण जिला पंचायत में कार्यरत अनेक ठेकेदार अपनी फाइलों का निराकरण समय पर कराने के लिए लगे रहे हैं परंतु जो फाइल सहायक संचालक दिग्विजय के पास हैं उनमें से अधिकतर फायदे उनके द्वारा छुपा दिया गया है और लोगों का काम समय पर नहीं किया जा रहा है। कई ठेकेदार ऐसे हैं जो जिला पंचायत के अंतर्गत समान आपूर्ति के अलावा अन्य निर्माण कार्य विभिन्न क्षेत्रों में किए हैं उनका भुगतान वह समय पर करा लेना चाहते हैं ।

अनमोल वचन

व्यक्ति की हर भूल कोई ना कोई शिक्षा देती है..!

फिर भी निशाना कांग्रेस!

दोनों सदनों में मोदी के भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भाजपा अब भी इन दोनों को ही अपनी प्रमुख चुनौती मानती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में निशाने पर कांग्रेस को रखा। पार्टी को गुजरे जमाने की कहानी बताया। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं का मखौल भी उड़ाया। मोदी की इस शैली को अनेक लोग संसदीय मर्यादा के अनुरूप नहीं मानते। लेकिन अब उनकी इस शैली से देश भलि-भांति परिचित हो चुका है। यह अपेक्षा अब शायद ही किसी को रहती होगी कि कम-से-कम संसद में बोलते वक्त नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री के अनुरूप बोलेंगे। इसलिए इस बिंदु को छोड़ते हुए उन्होंने जो कहा, उसके मतलब समझने पर लोग अब अधिक ध्यान देते हैं। इस बार दोनों सदनों में दिए उनके भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो चुकी हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर जवाहर लाल नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (और संभवतः उसके मातृ संगठन आरएसएस) की नजर में अब भी ये दोनों को ही उसके लिए प्रमुख राजनीतिक चुनौती हैं। यह बात उसके व्यवहार में भी झलकती है। 2022-23 में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 'नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान' की जो उपमा उछाली, उससे बने प्रभाव को भाजपा ने पूरी गंभीरता से लिया। खुद राहुल गांधी ने भले उस कथानक को बीच में छोड़ दिया, लेकिन भाजपा ऐसे प्रयासों से उत्पन्न हो सकने वाली चुनौती को बेहतर समझती है। इसीलिए इस बार जब गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की, तो शुरू से ही उसकी चमक फीकी करने की रणनीति पर वह आगे बढ़ी है। इसके लिए कांग्रेस/इंडिया गठबंधन से पाला-बदल कराने का तरीका अपनाया गया है। मुरली देवड़ा और नीतीश कुमार इसकी मिसालें हैं। और इसी क्रम में राहुल की यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश से ठीक पहले जयंत चौधरी के पाला-बदल के कयास को भी मीडिया में उछाला गया है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला और उन्हें मजाक का पात्र बनाने की कोशिश की, शायद वह भी भाजपा की इसी सुविचारित रणनीति का संकेत है।

राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी मृताकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सुझ-बुझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई जोलती खरीद सकते हैं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन धार्मिक कामकाज में लगेगा। आज सोशल आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने की बात सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप सोशिल वर्क्स का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

कन्या राशि- आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। शिक्षित इंजीनियरों के लिए दिन बेहतरीन होगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं।

तुला राशि- आपके लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कोई नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान साथ रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का एक प्लान बना सकते हैं।

धनु राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। ऑफिस में आज आपको सहकोर्डिनेटों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। आज कर्मचारियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा।

मकर राशि- आपके लिए आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अमनन आज समाप्त होगी, आपको परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। जिसे कभी अच्छा समय चल रहा है। आज आपकी महत्वाकांक्षा को सफलो बल मिलेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपको पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

बजट-राजकोषीय अनुशासन के साथ कल्याण

//पीयूष गोयल//

इस वर्ष के बजट प्रस्ताव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के दृष्टिकोण तथा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर विशेष जोर के साथ, 2047 तक एक विकसित देश बनने की दिशा में भारत की यात्रा को गति प्रदान करेंगे। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की सराहना की जानी चाहिए और उन्हें बधाई दी जानी चाहिए। राजकोषीय अनुशासन के साथ कल्याण- विकास-उन्मुख बजट घोषणाओं के बारे में वास्तव में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि और बड़े पैमाने पर काम के अवसरों की उपलब्धता व रोजगार सृजन के साथ-साथ उदार व लक्षित कल्याण के उपाय, राजकोषीय जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ-साथ लागू किये जायेंगे।

यह अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छी खबर है, क्योंकि कल्याणकारी योजनाओं तथा रोटी-कपड़ा और मकान की बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान से लाभार्थियों की जेब में पैसे की अधिक बचत होती है, जिसे वे विभिन्न उत्पादों पर खर्च करते हैं और इससे अर्थव्यवस्था में मांग में वृद्धि होती है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि राजकोषीय अनुशासन और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर ऐसे समय में भी विशेष ध्यान जा रहा है, जब देश आम चुनावों की तैयारी कर रहा है। वैश्विक स्तर पर, जब किसी देश में चुनाव होते हैं, तो अधिकांश निवेशक राजकोषीय लापरवाही का सामना करते हैं, क्योंकि सरकारें अक्सर राजकोषीय अनुशासन की अनदेखी करती हैं और लापरवाह लोकलुभावन उपायों का सहारा लेती हैं।

निवेशकों की सराहना- मोदी सरकार अलग है। इसके राजकोषीय अनुशासन के सख्त पालन ने यह सुनिश्चित किया कि महामारी और यूक्रेन संकट की दोहरी बाधाओं के बावजूद, भारत उथल-पुथल भरी दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरा, क्योंकि इसने देखभाल और करुणा को समझदार अर्थशास्त्र के साथ संयोजित किया। इस वर्ष की बजट घोषणाएं इसी भावना के अनुरूप हैं।

निवेश करने वाला समुदाय भी इसे मान्यता देता है। भारत के साथ व्यापार करने में वैश्विक रुचि से यह परिलक्षित होता है। भारत के शेयर बाज़ार भी निवेशकों के उत्साह को दर्शाते हैं। भारत का शेयर बाजार हाल ही में 4.33 ट्रिलियन डॉलर के मूल्यांकन के साथ हांगकांग को पीछे छोड़कर दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है।

हर तरह से पहले स्थान पर- पूंजीगत व्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा दिया गया है। इससे भारत की अवसंरचना में और भी सुधार होंगे एवं आधुनिकीकरण होगा, जो 10 साल पहले की तुलना में पहले से ही प्रभावी रूप से बेहतर है।

उच्च पूंजीगत व्यय और बड़ी परियोजनाओं के कार्यान्वयन से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

मोदी गारंटी- प्रधानमंत्री मोदी ने एकदम सही कहा है कि इस वर्ष का बजट 2047 तक विकसित देश बनने की दिशा में भारत के पथ की आधारशिला को मजबूत करने की गारंटी देता है। इस यात्रा का मुख्य हिस्सा, महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के निर्धारण और उन्हें हासिल करके गरीबों का सशक्तिकरण करने से संबंधित है। इसके बाद का कदम है- और भी बड़ी आकांक्षाओं को पूरा करना।

आवास-निर्माण के प्रति मोदी सरकार की उपलब्धि और आकांक्षा से यह बात स्पष्ट होती है। सरकार पहले ही गांवों और शहरों में गरीबों के लिए चार करोड़ से ज्यादा घर बना चुकी है। सरकार ने अब मध्यम वर्ग के लिए दो करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है।महिला-नेतृत्व आधारित विकास- इसी तरह 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को 50त बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया गया है। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। सरकार ने 30 करोड़ मुद्रा ऋण के जरिये भी महिलाओं को सशक्त बनाया है। पिछले दशक में उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन में 28त की वृद्धि दर्ज की गयी है। विभिन्न क्षेत्र में, विज्ञान प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) पाठ्यक्रमों में 43 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक अनुपातों में से एक है। बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए, वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि सरकार 9-14 वर्ष की आयु की किशोरियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। यह घोषणा प्रधानमंत्री मोदी की देखभाल और करुणा युक्त शासन को प्रदर्शित करती है। कार्यान्वयन में तालमेल के लिए, मातृ एवं शिशु देखभाल से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को एक समग्र कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।मध्यम वर्ग को लाभ- लोगों के जीवन को आसान बनाने और उत्पीड़न को रोकने की सरकार की रणनीति के अनुरूप, बजट में नई आयकर योजना की घोषणा की गई है, जो एक करोड़ लोगों को राहत प्रदान करेगी। यह पहले की तुलना में एक स्वागत योग्य बदलाव है, जब पिछली सरकार ने दशकों तक आम आदमी के सिर पर इस तलवार को लटकाए रखा था। मध्यम वर्ग को अवसंरचना में सुधार और रोजगार सृजन में अपेक्षित तेज वृद्धि से भी लाभ होगा। युवाओं के लिए स्वर्ण युग- 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विज़न से भारत के युवाओं को सबसे अधिक लाभ होगा। बजट में युवाओं के महत्व पर जोर दिया गया है। बजट में रोजगार के अवसर, स्टार्ट-अप के लिए सहायता और नवाचार को बढ़ाने के प्रावधान के साथ युवाओं को मदद करने से जुड़े उपायों की घोषणा की गई है।

वित्त मंत्री ने ठीक ही कहा कि भारत के तकनीक-प्रेमी युवाओं के लिए यह एक स्वर्ण युग होगा। सरकार 50 साल के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित करेगी। यह निजी कंपनियों को अनुसंधान और नवाचार का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। वित्त मंत्री ने उन कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो भारत के युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों को संयोजित करते हैं। स्वच्छ और हरित- मोदी सरकार का स्वच्छ और हरित विकास पर भी विशेष ध्यान है। बजट इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। रूफटॉप सोलर योजना से एक करोड़ परिवारों को निःशुल्क बिजली मिलेगी। इससे भी बड़ी बात यह है कि लोग ग्रिड को अतिरिक्त बिजली बेचकर 20,000 रुपये तक की धनराशि अर्जित करेंगे। यह उद्यमिता के लिए अवसर भी प्रदान करेगा। कई मायनों में, पीएम मोदी ने सदियों के संघर्ष के बाद सूर्योदय के युग की शुरुआत की है। बजट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से परिपूर्ण राष्ट्र- विकसित भारत 2047 - की आधारशिला रखता है।

अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री को संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई का साहस दिखाएंगे क्या मुख्यमंत्री..

//कीर्ति राणा //

हरदा में अवैध तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से हुई तबाही में यह प्रश्न गौण हो गया है कि कितने लोग असमय मौत का शिकार हुए। हरदा ही नहीं, देश के लोगों को यह पूछने का हक है कि सालों से यह फैक्ट्री वो भी बीच रहवासी क्षेत्र में चल कैसे रही थी। जांच समिति बना ही दी है, जब किसी मामले में सरकार ऐसी समिति गठन में तत्परता दिखाए तो आमजन याद करने लगता है कि जनहानि वाले मामलों को लेकर पहले जो जांच समितियां गठित की गई, उनकी फाइलों ने फैसले उगले भी या नहीं! गुना बस हादसे में कलेक्टर, एसपी पर गाज गिरी थी। आज मुख्यमंत्री हरदा गए थे। कलेक्टर,एसपी को हटाकर उन्होंने अपनी सरकार पर लगे दाग धोने की तत्परता दिखाने का प्रयास किया है पर क्या कार्रवाई पर्याप्त है..।

हरदा की आग में जिन निर्दोषों की बलि चढ़ गई, उनके परिवारों को न तो फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल और दिनेश की गिरफ्तारी से संतोष मिलेगा और न ही मुआवजे की राशि उनके आंसू पोंछ पाएगी। इसी फैक्ट्री में पहले भी हुए विस्फोट में दो लोगों की जान जा चुकी है।इसके बाद भी फैक्ट्री अगर चल रही थी तो दोषी प्रशासनिक अधिकारी भी हैं, क्योंकि राजनीतिक, प्रशासनिक संरक्षण बिना इतनी ढील देना संभव ही नहीं है। मप्र में पटाखों, बारूद से विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। मुरैना, राऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में हुई मौतें, पेटलावद में 7 दर्जन से अधिक निर्दोषों के चीथड़ों की पोटलियों वाले लोमहर्षक दृश्य और जांच समिति की घोषणा लोग भूले नहीं हैं। इससे पहले बालाघाट में 29 और दमोह 7 लोगों की मौत भी ऐसे ही धमाकों में हो चुकी है। इन सारे विस्फोट के बाद अब यदि लोगों को यह लगने लगे कि 18 वर्ष के बाद बस सीएम बदले हैं, लापरवाही का दर्रा वैसा ही चल रहा है तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए। अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है। गुना बस हादसे के बाद जिस तरह बसों की चैकिंग का अभियान चला था, वैसे ही इंदौर, भोपाल, दमोह, बालाघाट, हरदा आदि शहरों में पटाखा निर्माताओं, दुकानदारों के खिलाफ 'सख्ती पखवाड़ा' चलाकर लापरवाही की आग पर फोम डाल दिया जाएगा। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तो होनी ही चाहिए, लेकिन दंडित किए जाने से पहले इन अधिकारियों से बंद कमरे में ही सही, सरकार पुचकार के यह भी तो पूछ ले कि हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल हों या बैतूल के सांसद दुर्गादास उईके, इन जनप्रतिनिधियों या इनके पट्ठों ने वर्षों से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के सरगनाओं को संरक्षण क्यों दे रखा था। ढाई एकड़ में फैली फैक्ट्री के अलावा आसपास के पचास घरों में कुटीर उद्योग के रूप में हो रहे पटाखों के निर्माण से जिला प्रशासन क्यों मुंह फेरे रहा। पटाखा फैक्ट्री मालिकों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की सख्ती तो सरकार दिखाएगी ही, लेकिन इन्हें संरक्षण पूर्व सीएम के प्रिय जनप्रतिनिधियों के साथ ही इस सरकार में उसक दिखाने वाले हरदा-बैतूल के जनप्रतिनिधियों से भी मिलता रहा है। सख्त फैसले लेकर खुद को पिछली सरकार से बेहतर दिखाने की कोशिश में लगे डॉ. मोहन यादव को पटाखा फैक्ट्री के संचालकों को संरक्षण देने वाले नेताओं-अधिकारियों के घरों पर भी बुलडोजर चलाने का साहस दिखाना चाहिए। हरदा पटाखा फैक्ट्री को 2022 में कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सील करने के आदेश जारी किए थे। सरकार को तत्कालीन संभागायुक्त मालसिंह भायड़िया से भी पूछना चाहिए कि ऐसी क्या मजबूरी रही कि इस आदेश के विरुद्ध स्टे क्यों दिया। विस्फोट पीड़ित लोगों के आंसू बयां कर रहे हैं कि शिकायत करते रहने के बाद भी अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। ऐसी क्या मजबूरी थी कि ट्रकों से बारूद आता रहा और पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखाने की अपेक्षा मैत्री-भाव दर्शाता रहा। जिला प्रशासन की आंखों पर भी पोलिटिकल प्रेशर की पट्टी बंधी रही। हरदा हादसे का कारण बने प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सरकार ऐसी कार्रवाई करे कि बाकी जिलों के अधिकारियों को भी समझ आ जाए कि बदले हुए निजाम में अब ढील-पोल नहीं चलेगी।

पाकिस्तानः चुनाव का ढकोसला

यह बहुत साफ दिखा है कि सेना की प्राथमिकता पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सत्ता में लाना और बैकडोर से खुद शासन संभाले रखना है। आरोप है कि पूरा सरकारी तंत्र इस मकसद को हासिल करने के लिए सक्रिय रहा है। पाकिस्तान में नेशनल और प्रांतीय असेंबलियों के चुनाव के लिए आज मतदान होगा। मगर यह चुनाव एक ढकोसला से ज्यादा कुछ नहीं है। देश में सत्ता के हर सूत्र पर अपना शिकंजा और मजबूती से कस चुकी सेना इन चुनावों के जरिए दुनिया को यह बताना चाहेगी कि पाकिस्तान में भी लोकतंत्र है। मगर इस बार उसके लिए नियंत्रित निर्वाचन के जरिए ऐसा भ्रम पैदा करना संभव नहीं रह गया है। जिस तरह से देश के सबसे लोकप्रिय नेता इमरान खान और उनकी पार्टी- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को चुनाव मुकाबले से बाहर करने की कोशिश की गई है, उसने पहला वोट गिरने के पहले ही इन चुनावों की वैधता को लगभग समाप्त कर दिया है। तीन मामलों में ताबड़तोड़ न्यायिक फैसले सुना कर इमरान खान को लंबे समय तक जेल में रखने का इंतजाम कर लिया गया है। इसमें एक मामले में तो खान और उनकी पत्नी बुशरा बेगम दोनों को इस आरोप में कैद सुना दी गई कि उनकी शादी इस्लामी मान्यता के मुताबिक उचित ढंग से नहीं हुई थी।

पीटीआई से उसका चुनाव निशान पहले ही छीना जा चुका है। अलग-अलग चुनाव चिह्नों पर मैदान में उतरे पीटीआई के उम्मीदवारों पर मुकदमे ठोक कर या अन्य प्रशासनिक उपायों के जरिए उनके लिए मुकाबले में बने रहना कठिन बनाया गया। यह बहुत साफ दिखा है कि सेना की प्राथमिकता पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सत्ता में लाना और बैकडोर से शासन खुद संभाले रखना है। आरोप है कि पूरा सरकारी तंत्र इस मकसद को हासिल करने के लिए सक्रिय रहा है। लाजिमी है कि इन चुनावों या उनके नतीजों को लेकर ना पाकिस्तान में और ना ही विदेशों में कोई उत्सुकता है। बल्कि इन चुनावों को इस बात की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है कि किस तरह चुनावों का इस्तेमाल लोकतंत्र और उसकी भावना के खिलाफ किया जा सकता है। मगर देर-सबेर यह सवाल उठेगा कि आखिर ऐसे निर्वाचनों की जरूरत ही क्या है। आखिर अभी से लोग यह समझने लगे हैं कि परदे के पीछे से सत्ता नियंत्रित करने वाले शासक वर्ग के लिए चुनाव एक हथकंडा बन गए हैं।

विकसित भारत की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार की पहल, रायपुर में खुला इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस का कक्ष

भारत सरकार 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की दिशा में काम कर रही है। बजट भाषण के दौरान वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी की नई परिभाषा गवर्नेंस, डेव्लपमेंट, परफॉर्मेंस बताई है। इसी दिशा में पहल करते हुये छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। राजधानी रायपुर में उद्यमियों व करदाताओं की सहूलियत के लिए इज ऑफ डूइंग बिजनेस का कक्ष खोला गया है। इससे छत्तीसगढ़ में अब स्टार्ट अप शुरू करना और आसान हो जाएगा। राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार कार्य कर रही है। इसे देखते हुए रायपुर में उद्यमियों, व्यवसायियों और करदाताओं की सुविधा की दृष्टि से इज ऑफ डूइंग बिजनेस कक्ष बनाया गया है।उन्होंने बताया कि व्यवसायियों व करदाताओं की सुविधा के लिए कार्यालय में तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। नए व्यवसाइयों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन में जो दिक्कतें आती हैं उसके भी निराकरण का काम यह कक्ष करेगा।उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति में भी स्टार्टअप के साथ साथ उद्यमियों को सहूलियत व अधिकतम लाभ मिल सके इसके लिए प्रावधान किए जा रहे हैं।चौधरी ने बताया कि प्रदेश में इज ऑफ डूइंग बिजनेस का कक्ष खुलने से युवाओं को नए उद्यम शुरू करने में आसानी होगी। इसके साथ ही करदाताओं को सम्पूर्ण जानकारी व सुविधा एक ही जगह पर उपलब्ध हो सकेगी।

तस्वीरों की दुनिया

शिवसेना (युबीटी) नेता अभिषेक घोसालकर की पत्नी मुंबई में उनके अंतिम संस्कार के दौरान उनके पार्थिव शरीर के पास विलाप करती हुई।

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या के अवसर पर गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के लिए हिंदू श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्र हुए।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने महिला पुलिस टीम और अन्य पुलिसकर्मियों, प्रशासन, नगर निगम कर्मियों और पत्रकार से मुलाकात की, जो उत्तराखंड के हल्द्वानी में बनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित मदरसे के विध्वंस पर प्रदर्शनकारियों के एक समूह द्वारा पथराव और वाहनों में आग लगाने के बाद घायल हो गए थे।

आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

हरिद्वार में मौनी अमावस्या के अवसर पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु हर की पौड़ी पर एकत्र हुए।

मुंबई में अपनी आने वाली फिल्म क्रैक के ट्रेलर लॉन्च के दौरान अभिनेत्री नोरा फतेही।

नई दिल्ली में अपने पहले उपन्यास ज़ेबा एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री हुमा कुरेशी।

यह भारत का समय है, बढ़ रहे हैं अवसर, पीएम मोदी बोले- अब तक के सबसे निचले स्तर पर हमारे आलोचक

नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह भारत का समय है। सभी परिस्थितियां पक्ष में हैं। अवसर बढ़ रहे हैं। गरीबी कम हो रही है। एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया का भारत पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है। पीएम ने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी आसान हो और उसके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि भारत की विकास दर लगातार बढ़ रही है, वहीं हमारे आलोचक अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। 2014 में अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र लाना मेरे लिए राजनीतिक रूप से उपयुक्त होता, लेकिन इससे भारत में विश्वास प्रभावित हो सकता था। हमने राजनीति की जगह राष्ट्रनीति को तरजीह दी। हमने इस समय श्वेत पत्र इसलिए लाया क्योंकि जनता को सच्चाई बताना जरूरी है। उन्होंने कहा,मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत को तीव्र गति से बढ़ने में मदद करने के लिए कई बड़े निर्णय लिए जाएंगे।

मैं पहले से ही रोडमैप पर काम कर रहा हूं जो जल्द ही पूरा हो जाएगा।पीएम ने कहा कि दावोस जो उद्योगपतियों के लिए कुंभ मेले की तरह है, वहां भी भारत के लिए बहुत उत्साह था। किसी ने कहा कि भारत अभूतपूर्व सफलता की कहानी है। किसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा नई ऊंचाइयों को छू रहा है, वहीं किसी ने कहा कि कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां भारत का प्रभाव नहीं है।पीएम ने कहा कि आज विशेषज्ञ चर्चा कर रहे हैं कि पिछले 10 वर्षों में भारत कैसे बदल गया है। ये दिखाती हैं कि दुनिया को भारत पर कितना भरोसा है। भारत की क्षमता और सफलता के लिए ऐसी सकारात्मक भावना पहले शायद पहले कभी नहीं देखी गई। यह समय वास्तव में अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा,किसी भी देश की विकास यात्रा में एक समय ऐसा आता है जब सभी परिस्थितियां उसके पक्ष में होती हैं और जब वह देश आने वाली कई शताब्दियों के लिए खुद को मजबूत करता है। मैं अब भारत के लिए वह समय देखता हूं। यह वह समय है जब राजकोषीय घाटा कम हो रहा है। निर्यात बढ़ रहा है और चालू खाता घाटा कम हो रहा है। महंगाई नियंत्रण में है। अवसर और आय दोनों बढ़ रहे हैं। गरीबी कम हो रही है। पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। निवेश रिकार्ड ऊंचाई पर है। बैंक एनपीए (गैर-निष्पादित संपत्ति) में रिकॉर्ड कमी आई है। पीएम ने कहा कि हमने संसद भवन जैसी बड़ी परियोजनाओं को रिकार्ड समय में पूरा करके करदाताओं के पैसे को महत्व दिया। हमने स्क्रैप से भी पैसा कमाया।

एक राष्ट्र एक चुनाव समिति ने AAP और RPI के साथ की चर्चा, डी राजा से हुई व्यक्तिगत बातचीत

नई दिल्ली 10 फरवरी। एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति ने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अठावले (आरपीआई) और आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्यों के साथ बातचीत की। समिति के अध्यक्ष राम नाथ कोविंद और इसके सदस्यों डा एनके सिंह और संजय कोठारी ने देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों से चर्चा की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री और आरपीआई के अध्यक्ष रामदास अठावले ने समिति के समक्ष देश में एक साथ चुनाव कराने पर अपनी पार्टी के विचार प्रस्तुत किए। वहीं, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज कुमार गुप्ता और पार्टी के वरिष्ठ नेता जैस्मीन शाह के साथ भी बातचीत की। उन्होंने समिति के समक्ष अपनी पार्टी के विचार प्रस्तुत किये। बुधवार को समिति ने राजनीतिक दलों के साथ परामर्श के तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा के साथ व्यक्तिगत बातचीत की। डी राजा ने समिति के समक्ष मौखिक और लिखित रूप से अपने विचार प्रस्तुत किये।

पीएम मोदी से मिले सीरो मालाबार चर्च के प्रमुख आर्कबिशप थट्टिल, मुलाकात के बाद मीडिया से बताई वजह

केरल, 10 फरवरी [एजेंसी]। केरल की प्रभावशाली सीरो-मालाबार चर्च के प्रमुख आर्कबिशप चुने गए राफेल थट्टिल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। कैथोलिक चर्चों के प्रमुख पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल जॉर्ज एलेनचेरी का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद थैट्टिल को बिशपों की धर्मसभा द्वारा चुना गया था। एलेनचेरी ने गत सात दिसंबर को इस्तीफा दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में आर्कबिशप के साथ बैठक के फोटो साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में थट्टिल ने इसे सौहार्दपूर्ण दौरा बताया। उन्होंने कहा कि यह बिना उद्देश्य की बैठक थी। हमें चर्च से जुड़े कई मुद्दों पर चिंता है, लेकिन यह बैठक उन सभी पर चर्चा के लिए नहीं थी।

प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात पर खुशी जताते हुए आर्कबिशप ने कहा कि सरकार का सहयोग करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि वह बेंगलुरु में आयोजित कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस आफ इंडिया (सीबीसीआई) में भाग लेने के बाद दिल्ली आया हूं। कॉफ्रेंस में बिशप्स ने चर्च के कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में सीबीसीआई चर्च के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करेगी।

अमेरिका ने चुनावी हिंसा की निंदा की, कहा- अगली पाकिस्तानी सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार

वाशिंगटन। पाकिस्तान में धांधली और छिटपुट हिंसा के आरोपों के बीच संपन्न आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। इस बीच अमेरिका ने पाकिस्तान चुनावों के दौरान हुई हिंसा और प्रतिबंधों की कड़ी निंदा की है।अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि वह समय पर और पूर्ण परिणामों की आशा करता है। साथ ही कहा कि सकारात्मक चुनावी परिणाम पाकिस्तानी लोगों की इच्छा को दर्शाते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि गुरुवार को हुए चुनावों में अभिव्यक्ति, संघ और शांतिपूर्ण सभा की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रतिबंध लगाए गए।

पीएम मोदी ने जीता जयंत का दिल, भाजपा-रालोद गठबंधन पर मुहर चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलते ही भावुक हुए आरएलडी मुखिया

नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]। सीटों के बंटवारे की बातचीत करने के लिए एक-दूसरे के करीब आए भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल को मोदी सरकार के एक बड़े निर्णय ने भावनाओं की मजबूत डोर से आखिरकार बांध ही दिया। अपने दादा और देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने से बेहद भावुक हुए रालोद मुखिया ने गठबंधन की घोषणा की रस्मअदायगी को पीछे छोड़ते हुए पहले तो तीन शब्दों दिल जीत लिया से पूरी कहानी समझा दी।फिर प्रश्न पूछने पर बेबाकी से भाजपा के साथ गठबंधन में जाने का ऐलान भी कर दिया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में आइएनडीआइए में बड़ी टूट के साथ विपक्षी रणनीति को एक और करारा झटका लगा है। सरकार की ओर से शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह, पीवी नरसिंह राव और कृषि विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की गई। इनमें चौ. चरण सिंह का नाम ऐसा है, जिसने यकायक ही देश और खास तौर पर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक समीकरणों को भाजपा के पक्ष में और मजबूत कर दिया। कुछ दिन पहले तक सपा और कांग्रेस के साथ

जो जयंत चौधरी भाजपा को हराने के लिए बांहें चढ़ा रहे थे, वह अपने दादा को मिले सर्वोच्च सम्मान से भावुक और गदगद हो गए। पीएम मोदी द्वारा एक्स पर चौ. चरण सिंह को लेकर दिए गए बधाई संदेश पर ही जयंत ने लिखा-दिल जीत लिया ! इतना ही नहीं, इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने अपनी भावनाओं को खुलकर प्रकट किया। कहा कि चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने से देश में बहुत बड़ा संदेश गया है। यह भारत की भावना से जुड़ा फैसला है। चौधरी साहब का प्रभाव आज भी कमेरा, किसान और मजदूर वर्ग पर है। उन्होंने बेबाकी से कहा कि जो आज मुख्यधारा में नहीं हैं, उनकी हिम्मत बढ़ाने वाला निर्णय मोदी सरकार ने लिया है।जयंत ने अपने दिवंगत पिता अजित सिंह को भी याद किया और कहा कि प्रधानमंत्री ने अजित सिंह का अधूरा सपना पूरा किया है।

कुछ दिनों में भाजपा के साथ चल रही बातचीत, राजग में शामिल होने सहित विपक्ष द्वारा इसे राजनीति से प्रेरित निर्णय बताए जाने के प्रश्न पर जयंत चौधरी ने दो टूक कहा-अब भी कोई कसर रहती है क्या। आज मैं किस मुंह से आपके सवालों से इन्कार करूं। मैं गठबंधन में जा रहा हूं। सीटों के बंटवारे के प्रश्न पर स्पष्ट कर दिया कि कितनी सीटें मिल रही हैं, यह कोई मसला ही नहीं है। यह चौधरी चरण सिंह के निर्णयों और संघर्षों का सम्मान है। कांग्रेस यदि इसे चुनावी निर्णय बता रही है तो मैं बयान की निंदा करता हूं। इस बयान के साथ ही रालोद मुखिया अपने दल के राजग में शामिल होने और भाजपा के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ने के निर्णय पर अंतिम मुहर भी लगा दी।जयंत ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के हर अनुयायी का दिल आज पीएम मोदी ने जीत लिया है। पूर्व में भाजपा के विरुद्ध दिए गए बयानों को लेकर कहा कि मैं अपना एक भी पोस्ट डिलीट नहीं करूंगा, क्योंकि मैं परिस्थिति अनुसार अपनी भावनाओं को रखता हूं।

पत्रकार निखिल वागले की कार पर हमला, PM Modi और लाल कृष्ण आडवाणी पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

मुंबई, 10 फरवरी [एजेंसी]। पत्रकार निखिल वागले की कार पर शुक्रवार को भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। वागले पर हमला उस समय किया गया जब वह एक कार्यक्रम में भाग लेने पुणे जा रहे थे। हाल ही में निखिल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के कद्दावर नेता लाल कृष्ण आडवाणी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद से ही भाजपा कार्यकर्ता उनका विरोध कर रहे हैं। इस मामले में निखिल वागले पर पुणे में एफआईआर दर्ज भी किया गया है। डेक्कन पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने इस दौरान निखिल के गाड़ी पर स्याही भी फेंकी। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि भाजपा कार्यकर्ता खंडोजी बाबा चौक के पास कार पर हमला कर रहे हैं। इस दौरान कुछ लोगों ने कार में भी तोड़फोड़ की। वीडियो में कार की विंडस्क्रीन और साइड शीशे को नुकसान पहुंचाते हुए दिखाया गया है।

अधिकारी ने बताया कि निखिल इसके बाद भी कार्यक्रम तक पहुंचने में सफल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं उन सभी को माफ करता हूं, जिन्होंने मुझ पर हमला किया। उन्होंने आगे कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब मुझ पर हमला हुआ है। पहले भी छह बार मुझ पर हमला हुआ है और यह सतावां था। इससे पहले दिन में पीएम मोदी और लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए वागले के खिलाफ पुणे में मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली पुलिस के एएसआई की हादसे में मौत, तेज रफ्तार टेंपो ने मारी थी टक्कर

नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]। मोटर साइकिल सवार दिल्ली पुलिस के एएसआई को बुराडी इलाके में एक तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी। घायल एएसआई को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक एएसआई की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है। यह चौथी बटालियन में तैनात थे। पुलिस आस-पास में लेगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, मनोज (50) परिवार के साथ बुराड़ी इलाके में रहते थे और दिल्ली पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात थे।फिलहाल उनकी तैनाती चौथी बटालियन में थी। रात के समय वह ड्यूटी से घर आ रहे थे, जैसे ही वह बाइक से बुराड़ी इलाके में रिंग रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से एक तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी और टेंपो चालक भाग निकला। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाएगा।जहां डॉक्टरों उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आस-पास में लेगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की जांच में जुटी है और आरोपी टेंपो चालक की तलाश में जुटी है।

बंगाल में महिला कैदियों के गर्भवती होने पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली 10 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर शुक्रवार को स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए सहमति व्यक्त करते हुए जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल से इस मुद्दे को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।अग्रवाल जेलों में बढ़ते कैदियों के मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। गुरुवार को बंगाल के सुधार गृहों में में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाई कोर्ट में उठाया गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले को आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने वाली खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसमें कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तापस कुमार भांजा ने दावा किया था कि बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। इसलिए 196 बच्चे इस तरह के विभिन्न सुधार गृहों में रह रहे हैं। भांजा ने सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों को महिला कैदियों के सेल में प्रवेश पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

राहुल और सोनिया गांधी अपनी जाति और धर्म बताएं, भाजपा सांसद बोले- कांग्रेस का DNA पिछड़ा वर्ग विरोधी

नागपुर, 10 फरवरी [एजेंसी]। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा सांसद हनाथ यादव ने जमकर हमला बोला है। उन्होंने शुक्रवार को पूछा कि क्या राहुल और सोनिया गांधी अपनी जाति और धर्म बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बात को स्वीकार नहीं कर सकती कि पीएम मोदी पिछड़े वर्ग से आते हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं के बारे में नहीं जानता, उसे ऐसी बातें कहने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस का डीएनए पिछड़ा वर्ग विरोधी है। वे इस तथ्य को पचा नहीं सकते कि पीएम मोदी पिछड़ा वर्ग से हैं। देश के लोग अब राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेते। वह अकेले ही कांग्रेस पार्टी को नष्ट कर रहे हैं। इससे पहले,

ओडिशा में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, राहुल गांधी ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि पीएम मोदी का जन्म सामान्य वर्ग में हुआ था, जिसकी भाजपा ने आलोचना की थी।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उनसे माफी की मांग की। अहीर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस जातियों को लेकर अपने नासमझी भरे बयानों के जरिये देश में विभाजन के बीज बोने की कोशिश कर रहे हैं। अहीर ने कहा कि भारत में करोड़ों ओबीसी पीएम मोदी के खिलाफ राहुल गांधी के बयानों से आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा,गुजरात सरकार ने एक सर्वेक्षण के बाद 25 जुलाई, 1994 को मोध घांची समुदाय को ओबीसी सूची में शामिल करने की अधिसूचना जारी की थी।भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उन्होंने प्रधानमंत्री और देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का अपमान किया है। बावनकुले ने कहा कि लोग आगामी लोकसभा चुनावों में राहुल को सबक सिखाएंगे। बावनकुले ने कहा कि पूरे महाराष्ट्र में राहुल के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इतालवी परिवार में जन्मे राहुल गांधी ने मोदीजी का अपमान किया है। राहुल गांधी निरंतर मोदी जी और पूरे ओबीसी समाज का अपमान करते हैं। इसलिए पूरा भारत और ओबीसी समाज सड़कों पर उतर आया है।

बड़े हमले के लिए आतंकियों ने घर में छिपा रखी थी आईईडी सुरक्षाबलों ने हथियार बरामद कर मकान मालिक को किया गिरफ्तार

श्रीनगर, 10 फरवरी [एजेंसी]। उत्तरी कश्मीर में बारामुला जिले के सोपोर में आतंकियों ने बड़े हमले को अंजाम देने के लिए एक मकान के भीतर ठिकाना बना रखा था। इस ठिकाने में एक आइईडी, एक पिस्तौल व अन्य सामान छिपा रखा था। सुरक्षाबलों ने गुरुवार को इन हथियारों को बरामद कर मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। यह आतंकी ठिकाना लश्कर-ए-इस्लाम के मारे जा चुके कमांडर कयूम नजार का था। पुलिस ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर सोपोर के क्रैकशिवन में एक आतंकी ठिकाना होने की सूचना पर घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने एक मकान की तलाशी शुरू की तो मकान मालिक कुछ घबराया हुआ नजर आया। इस पर सुरक्षाबलों का उस पर संदेह गहरा गया। इसके बाद जवानों ने मकान के विभिन्न कमरों की तलाशी ली। एक कमरे में बनी अलमारी कुछ असामान्य सी नजर आई। सुरक्षाबलों ने अलमारी को पूरी तरह खाली किया और जब इसे हटाया तो उन्हें वहां एक छोटा दरवाजा आया जो दो कमरों की दीवारों के बीच बने एक छोटे से कमरे का था। इसी कमरे में हथियार बरामद हुए हैं। सुरक्षाबलों ने उसी समय मकान मालिक रशीद नजार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि रशीद नजार लश्कर-ए-इस्लाम के आतंकी कयूम नजार का भाई है। रशीद नजार के मकान में बना ठिकाना कयूम नजार द्वारा इस्तेमाल किया जाता था। कयूम नजार पहले कभी लश्कर-ए-तैयबा का कुख्यात आतंकी था जो वर्ष 2015 में लश्कर-ए-इस्लाम का चीफ कमांडर बना था। कयूम नजार और उसके साथियों ने वर्ष 2015 में कश्मीर में मोबाइल फोन टावर ध्वस्त करने के अलावा विभिन्न मोबाइल कंपनियों के कर्मचारियों को भी निशाना बनाया था। सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ने पर वह अपनी जान बचाने के लिए पाकिस्तान भाग गया था। सितंबर, 2017 में वह पाकिस्तान से वापस लौटते हुए उत्तरी कश्मीर के लच्छीपोरा, उड़ी में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था।

ननद-भाभी के बीच विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम पर हमला, महिला ने दांत से काटा SI का हाथ, दो जवान घायल

सकरा (मुजफ्फरपुर)। बिहार के मुजफ्फरपुर में सकरा थाना क्षेत्र की रूपनपट्टी मधुरापुर पंचायत के रूपनपट्टी गांव में शुक्रवार सुबह ननद व भाभी के बीच हुए विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इसमें एसआई व दो महिला पुलिस कर्मी घायल हो गईं। पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। रूपनपट्टी गांव की उर्वशी कुमारी व उसकी ननद नीलम देवी के बीच कुछ महीने से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसको लेकर शुक्रवार को सुबह दोनों में हाथापाई हो गई। उर्वशी की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को समझाया। इसी दौरान, नीलम कुमारी ने एसआई राहुल कुमार व दो महिला पुलिसकर्मी पूजा कुमारी व शिवं कुमारी पर हमला कर दिया। उसने एसआई के हाथ पर दांत काट लिया। वहीं, महिला पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। इससे वे दोनों घायल हो गईं।इसके बाद भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और थाने लाई।

घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया। एडिशनल एसपी सहरिया अख्तर ने बताया कि महिला की सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची थी।इस पर आरोपित महिला ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई की। इसमें एसआई व दो अन्य महिला पुलिसकर्मी घायल हो गईं। आरोपित नीलम देवी को गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

हिजबुल्ला का समर्थन जारी रखेगा ईरान, विदेश मंत्री हसन नसरल्लाह से करेंगे मुलाकात

बेरूत, 10 फरवरी [एजेंसी]। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आमीर अब्दुल्लाहेन ने शुक्रवार को बेरुत पहुंचने के बाद आतंकी समूह हिजबुल्ला को समर्थन जारी रखने पर जोर दिया। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि लेबनान की सुरक्षा से ईरान और पड़ोसी क्षेत्र प्रभावित होता है। ईरान के विदेश मंत्री लेबनान के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और हिजबुल्ला के अगुआ सैयद हसन नसरल्लाह के साथ वार्ता करेंगे। हुसैन का लेबनान के हिजबुल्ला के साथ ही आतंकी समूह हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जेहाद के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया।आतंकी समूहों के मुख्य समर्थक ईरान ने अमेरिका से इजरायल पर गाजा पट्टी में अपना आक्रमण रोकने का दबाव डालने का आह्वान किया है। 17 वर्ष तक अपेक्षाकृत शांति बरतने के बाद आठ अक्टूबर को हिजबुल्ला ने इजरायल के साथ ही लेबनान सीमा पर हमले शुरू कर दिए।इसके एक दिन बाद हमास ने दक्षिणी इजरायल पर अपना हमला शुरू किया और युद्ध शुरू हो गया।

हिजबुल्ला के अधिकारियों ने कहा है कि जब गाजा पर इजरायली हमले बंद हो जाएंगे तो वे लोग इजरायली सैन्य चौकियों पर हमला बंद कर देंगे।

चंदा कोचर के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई स्थगित, बॉम्बे हाई कोर्ट ने दी थी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वीडियोकॉन ऋण धोखाधड़ी मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रमुख चंदा कोचर को बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 12 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ को कोचर दंपती की ओर से पेश वकील ने अवगत कराया कि सीबीआई द्वारा दायर अपील निरर्थक हो गई है, क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को 2023 के अंतरिम जमानत आदेश की पुष्टि की है।कोचर के वकील ने कहा कि जिस अंतरिम आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, उसको बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुष्टि कर दी है। जबकि में केंद्रीय जांच एजेंसी ने हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश के स्थापन के लिए एक सप्ताह की अवधि मांगी। छह फरवरी को सुनाए गए फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई और नितिन आर बोरकर की खंडपीठ ने पिछले साल जनवरी में पारित अंतरिम जमानत आदेश की पुष्टि की।

योग या एक्सरसाइज करने के आधे घंटे बाद तक ना करें ये काम

नहाने का टाइम तो लिख के रख लीजिए

बीमारियों से बचना है योग करें, किसी तरह की दिक्कत है तो योग करें, मन अशांत है योग कर लें ऐसी तमाम बातें हम योग के बारे में पढ़ते और सुनते आए हैं. क्या आपने कभी सोचा है कि योग करने के भी कुछ नियम होते हैं, जिन्हें ना करने से आपको फायदे की जगह उल्टा नुकसान उठाना पड़ सकता है. योग करने वाले और योग शुरू करने वाले हर इंसान को इन बातों का पता होना चाहिए. आज के आर्टिकल में हम आपको योग से जुड़ी कुछ बातें बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको ध्यान में रख कर इसे अपनाना चाहिए.

योग अपनी लाइफ स्टाइल को बेहतर बनाने के लिए एक अच्छा कदम है और इसे निरंतर करते रहने से शरीर कई बीमारियों से मुक्त रहता है. वैसे तो योग करना कोई रॉकेट साइंस नहीं है इसे कोई भी कर सकता है लेकिन फिर भी योग को करने के लिए कुछ खास बातों का ध्यान रखना पड़ता है.क्योंकि छोटी से छोटी क्रिया करने के लिए भी कुछ तो नियम अपनाए जाते हैं.

क्या करें क्या ना करें

हम आपको योग के तुरंत पहले योग के दौरान और योग के तुरंत बाद क्या नहीं करना चाहिए ये सब बताएंगे. ये काम आपके योग से होने वाले फायदों को कम कर देते हैं और आपकी अच्छी हेल्थ बनने में रुकावट का काम करते हैं तो आइए जानते हैं कौनसे हैं वे काम जिन्हें करने से आपको बचना चाहिए.

नहाने की गलती

योग करने से एक दम पहले और तुरंत बाद कभी नहीं नहाना चाहिए. योग करने से शरीर में जिस उर्जा का संचार होता है नहाने से वो ऊर्जा प्रभावित हो जाती है इसलिए विशेषज्ञय आम तौर पर यही सलाह देते हैं कि योग करने से कम से कम आधे घंटे पहले तक नहीं नहाना चाहिए और यही काम योग करने के बाद भी करना चाहिए. एक और कारण विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि योग करने से शरीर में कभी गर्माहट तो कभी ठंडक होती है और तुरंत नहाने से शरीर का तापमान बिगड़ सकता है.

शरीर पर दबाव डालना

योग करने के अलग अलग नियम होते हैं आप योग को अपने ऊपर बर्डन बना कर ना करें, जरुरी नहीं की आप पहली स्टेज से ही योग में परफेक्ट हो जाएं. इसलिए योग करते समय मन को शांत और शरीर को रिलेक्स मोड पर छोड़ देना चाहिए.

योग से पहले भोजन

योग से पहले खाना ना खाने की सलाह दी जाती है.ऐसा इसलिए क्योंकि भोजन करने से शरीर में पाचन क्रिया शुरु हो जाती है जिससे योग के किसी भी आसन पर बॉडी रेस्पॉन्स नहीं करती और शरीर अपनी सारी ऊर्जा भोजन पचाने में लगा देता है जिससे शरीर में फायदा होने की जगह नुकसान हो सकता है

सांस लेने में सतकर्ता बरतना

योग करते वक्त गहरी सांस लेनी चाहिए जिससे आप रिलेक्स हो सकें और ऑक्सीजन आपके शरीर के हर कोने में पहुंच सके. गहरी सांस कब लेनी है और कब छोड़नी है इन बातों का खास ख्याल रखा जाना चाहिए.

इस हालत में योग करने से बचें

जब शरीर थका हुआ हो तब योग करने से बचना चाहिए इसके अलावा बीमारी की हालत में भी योग नहीं करना चाहिए.महिलाओं को महावारी के समय कठिन योगसन करने से बचना चाहिए, किसी भी तरह के फ्रेक्चर की हालत में भी योग करने से बचना चाहिए. इसके अलावा किसी भी तरह के योगसन से पहले या योग शुरु करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर लेनी चाहिए

सुबह उठते ही क्यों आती है उबासी और इसका ज्यादा आना किन बीमारियों की ओर करता है संकेत?

रोजमर्रा की जिंदगी में आप कई तरह की शारीरिक गतिविधीयों में लगे रहते हैं, लेकिन ज्यादातर लोगों को पता नहीं होता कि वे शारीरिक गतिविधियां आखिर होती क्यों है. उबासी आना भी इन्हीं गतिविधीयों का एक हिस्सा है. उबासी अक्सर नींद पूरी ना होने, नींद ज्यादा आने और थके होने की वजह से आती है. दरअसल दिनभर में इंसान 5 से 18 बार तक उबासी ले सकता है और यह एक आम सी बात भी है. जब भी हमारे शरीर को ज्यादा ऑक्सीजन की जरूरत होती है या यूं कहें कि जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो हमारा शरीर भारी मात्रा में ऑक्सीजन को खींचने की कोशिश करता है जिसके कारण हमें उबासी आती है.

उबासी आने के सामान्य कारण

* ज्यादा थकान होने से उबासी का आना एक दम आम बात है
* रात की नींद पूरी ना होने पर उबासी आना भी नॉर्मल है
* दिनभर आलस और सुस्ती की वजह से भी उबासी आ जाती है
* कई बार समय से पहले नींद खुल जाने पर भी उबासी आना नॉर्मल माना जाता है

सामान्य नहीं है ज्यादा उबासी का आना

अब अगर आपको दिनभर उबासी आती रहती है तो यह एक अच्छा संकेत नहीं है. ज्यादा उबासी आना किसी बीमारी की ओर इशारा भी हो सकता है. दरअसल ज्यादा उबासी आना हमारे शरीर में पल रही किसी बीमारी का संकेत हो सकता है और इससे कई गंभीर बीमारियों की शुरुआत हो सकती है. दिन के किसी भी वक्त मुंह खोल कर उबासी लेना किन बीमारीयों की शुरुआत हो सकती है आइए जानते हैं-

स्लीप एप्निया

यह एक तरह की बीमारी है जिसमें रात को सोते समय कई बार सांस रुक जाती है, जिसकी वजह से नींद में खलल पड़ता है और दिनभर उबासी आती रहती है.

नार्कोलेप्सी

नार्कोलेप्सी नींद से जुड़ी समस्या है, जिसमें इंसान को बहुत ज्यादा नींद आती है और वह कहीं भी सो जाता है. दिनभर नींद आने की वजह से इंसान को थकान महसूस होती है और वह दिनभर उबासी लेता रहता है.

इंसोमेनिया

इंसोमेनिया भी उपरोक्त बीमारियों की तरह ही नींद से जुड़ी बीमारी है. इस बीमारी में इंसान को रातभर नींद नहीं आती है और अगर नींद लगने की वजह से बीच में टूट जाए तो दोबारा नींद आना मुश्किल हो जाता है, जिसकी वजह से इंसान काफी थका हुआ महसूस करता है और उसे दिनभर उबासी आती रहती है.

डायबिटीज

डायबिटीज में भी उबासी आना आम होता है. शरीर में ग्लुकोज की कमी हो जाने के कारण हाइपोग्लाइसीमिया का शिकार हो जाने से उबासी आती है.

दिल की बीमारी

अगर नींद पूरी होने के बाद भी आपको उबासी आ रही है तो ती यह दिल की बीमारी का संकेत भी हो सकता है.

ग्रीन ड्रेस में कृति सेनन ने फ्लॉन्ट किया फिगर, कैमरे के सामने दिखाई अदाएं

कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. सोशल मीडिया पर कृति सेनन का स्टाइलिश फोटो वायरल हो रही है. कृति के फैंस उनके इस अवतार को काफी पसंद कर रहे हैं. कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर अपने डिफरेंट बोल्ड लुक्स शेयर किया है. चलिए बिना किसी देर किए देखते हैं कृति सेनन का स्टनिंग और बोल्ड अवतार. कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं. इस दौरान एक्ट्रेस ने अपना स्टाइलिश लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. ग्रीन कलर की ड्रेस में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं. लाइट मेकअप खुले बालों में स्टनिंग लग रही हैं. पिंक की कलर की लिपस्टिक में एक्ट्रेस कमाल की लग रही है. कृति सेनन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह इंस्टाग्राम पर अक्सर अपना बोल्ड और स्टनिंग लुक शेयर करती रहती हैं. कृति इंस्टाग्राम के द्वारा अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं. वह अक्सर इंस्टा लाइव के द्वारा फैंस से पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में शेयर करती रहती हैं तीन मेहनती महिलाओं के जीवन पर आधारित अपनी अगली फिल्म द क्रू में कृति सेनन नजर आएंगी. फिल्म में वह तब्बू और करीना कपूर के साथ काम करेंगी. राजेश कृष्णन फइल्म का निर्देशन कर रहे हैं.

अमरीश पुरी मेरे पसंदीदा खलनायकों में से एक:सोनिया बंसल

बिग बॉस 17 की प्रतियोगी सोनिया बंसल 12 फरवरी को वेलंटाइन डे से पहले रिलीज होने वाले म्यूजिक वीडियो इश्क हुआ में अभिनेता वर्धन पुरी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी।

सोनिया ने वर्धन के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया और कहा, वर्धन पुरी के साथ काम करने का मेरा अनुभव वास्तव में अद्भुत था। मैं उन्हें पहले से जानती थी, लेकिन हम पहली बार इश्क हुआ गाने के दौरान मिले थे क्योंकि उनके दादा उनमें से एक थे। फिल्मों में मेरे पसंदीदा खलनायक। इसलिए, मैंने सोचा कि उनके साथ सहयोग करना बहुत अच्छा होगा, क्योंकि हो सकता है कि उन्हें अपनी कुछ विरासती विशेषताएं विरासत में मिलें।

उन्होंने सेट पर वर्धन के विनम्र स्वभाव और सहयोगी व्यवहार पर जोर दिया।

सेट पर यह एक शानदार अनुभव था। वह बहुत विनम्र स्वभाव के हैं और एक अभिनेता के रूप में बहुत सहयोगी हैं। वह व्यक्ति को एक आरामदायक जगह पर लाते हैं ताकि अभिनय के विभिन्न मूड दिखाए जा सकें।

टी-सीरीज़ के प्रतिष्ठित बैनर के तहत, सोनिया का नवीनतम प्रयास प्यार के सार को उसके शुद्धतम रूप में पकड़ना चाहता है। इश्क हुआ प्रतिभाशाली शब्बीर अहमद द्वारा रचित है और गीत भी शब्बीर अहमद के ही हैं।

लवेश द्वारा बेहतरीन ढंग से निर्देशित, इश्क हुआ एक दृश्य उत्कृष्ट कृति होने का वादा करता है, जो सोनिया बंसल और वर्धन पुरी द्वारा बुनी गई आकर्षक कथा को जीवंत करता है। एस.शुभम और सलोनी बत्रा द्वारा गाया गया खूबसूरत गाना। जैसे ही इस संगीत समारोह का पर्दा उठेगा, दर्शक एक ऐसी यात्रा पर निकलने की उम्मीद कर सकते हैं जहां प्यार की कोई सीमा नहीं है।

संगीत वीडियो में अपने चरित्र के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा: मैंने एक अंधी भूमिका निभाई, और मैंने सचमुच उसके साथ गीत को जीया। मैं वास्तव में उनके साथ और अधिक काम करना चाहूँगा।

इसके बाद सोनिया ने टी-सीरीज़ के साथ अपने पिछले सहयोग पर विचार करते हुए कहा, मैंने पहले भी टी-सीरीज़ के साथ काम किया है, लेकिन यह पहली बार है कि मैं एक हिंदी संगीत एल्बम कर रही हूं। मैंने पहले भी टी-सीरीज़ लेबल के साथ पंजाबी गाने किए हैं। शब्बीर अहमद ने गीत का निर्माण और लेखन किया है, और कुल मिलाकर अनुभव वास्तव में बहुत अच्छा था।

बॉक्स ऑफिस पर हनु मान की गूंज रही ललकार

तेजा सज्जा स्टारर फिल्म 'हनु मान' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया हुआ है. फिल्म को रिलीज हुए एक महीना होने वाला है और ये अब भी करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. दिलचस्प बात ये है कि 'हनु मान' सिनेमाघरों में 12 जनवरी को महेश बाबू की गुंटूर कारम से लेकर विजय सेतुपति-कैटरीना कैफ स्टारर मैरी क्रिसमस सहित कई बड़ी फिल्मों के साथ रिलीज हुई थी. हालांकि 'हनु मान' इन सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए काफी आगे निकल गई. यहां तक कि ये फिल्म ऋतिक रोशन की फाइटर के आगे भी डटी हुई है और छप्परफाड़ कमाई कर रही है. चलिए यहां जानते हैं 'हनु मान' ने रिलीज के 27वें दिन कितने नोट छापे हैं. 'हनु मान' की ललकार से बॉक्स ऑफिस गूंज रहा है.इस फिल्म को दर्शकों ने बेहद पसंद किया है और इसी के साथ 'हनु मान' पर नोटों की इतनी बारिश हुई है कि इसने अपने बजट से कई गुना कमाई कर मेकर्स को मालामाल कर दिया है।

गुडाचारी 2 में हुई इमरान हाशमी की एंट्री? अदिवि शेष के साथ बड़े पर्दे पर मचाएंगे धमाल

अभिनेता इमरान हाशमी टाइगर 3 के बाद से लगातार सुर्खियों में छाए हुए हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म में अभिनेता विलेन के किरदार में नजर आए, जिसमें उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। बीते दिनों खबर आई थी कि वे डॉन 3 में हिस्सा रहेंगे। वहीं, अब अभिनेता से जुड़ी एक और खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान अदिवी शेष की फिल्म गुडाचारी 2 में काम करेंगे। इस खबर के सामने आने के बाद उनके फैंस अदिवी के साथ बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुडाचारी 2 के निर्माता टाइगर 3 में उनके खलनायक के किरदार से काफी प्रभावित हुए हैं। जिसके बाद फिल्म के निर्माता जी 2 के लिए इमरान के साथ सहयोग करना चाह रहे हैं। हालांकि, इमरान की जी2 के निर्माताओं के साथ बातचीत के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गुडाचारी 2 में अदिवी शेष के अलावा बनिता संधू भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। गुडाचारी 2 देश की सबसे बड़ी जासूसी फ्रेंचाइजी में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले साल हैदराबाद में शुरू हुई थी। इसके लिए पांच मंजिला ग्लास सेट का निर्माण किया गया था। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग विदेश में भी की गई है। इस फिल्म का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल ने किया है। वहीं, अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स आर के एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन विनय कुमार सिरिगिनेडी कर रहे हैं।

फिल्म गुडाचारी ने 2018 में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। इस फिल्म में अभिनेता अदिवी शेष मुख्य भूमिका में थे। इस पैन इंडिया फिल्म की सफलता के बाद दर्शकों ने निर्माताओं से दूसरे पार्ट बनाने की मांग उठाई, जिसके बाद निर्माताओं ने इसका दूसरा पार्ट बनाने की घोषणा की। बता दें कि जी2 फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां गुडाचारी ने कहानी छोड़ी थी, जिसमें गोपी उर्फ एजेंट 116 बर्फीले इलाके में दुश्मन का सामना करेगा। जासूसी थ्रिलर के पहले लुक में अदिवी शेष को एक्शन से भरपूर अवतार में देखा गया और प्रशंसकों द्वारा इसे खूब सराहा गया। इमरान हाशमी के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्म टाइगर 3 में नजर आए थे। आगामी प्रोजेक्ट के बारे में बात करें, तो अभिनेता जल्द ही पवन कल्याण स्टार ओजी में नजर आएंगे। इस फिल्म से इमरान हाशमी तेलुगु इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म एक गैंगस्टर ड्रामा है, जिसका निर्देशन साहू द्वारा किया जाएगा। फिल्म में इमरान हाशमी निगेटिव किरदार में दिखाई देने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान हाशमी निर्माता फरहान अख्तर की आगामी फिल्म डॉन 3 में खलनायक की भूमिका निभाएंगे।

शब्द सामर्थ्य -329

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, मामला, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. भनुष, रसमदेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकूलि, असली का विलोम 18. अयोध्य, नायसमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 घ. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

1		2		3		4		5	
		6				7			
8	9			10	11				
12		12ए		13		14		15	
		16				17			
18	19			20	21				
22				23				24	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक328 का हल

प	र्स	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
वा	द	क		र		र्स	ब	ल
ड़		ल	ज्जा		म	स्का		य
	बा			बि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ज	त
	श	ख्ल		न	मि	त		न

बॉक्स ऑफिस पर ऋतिक रोशन की फाइटर की कमाई में गिरावट जारी

सिद्धार्थ आनंद गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दर्शकों के लिए फाइटर लेकर हाजिर हुए थे.इस फिल्म में पहली बार ऋ तिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनी है.देशभक्ति की भावना से भरपूर इस फिल्म की कहानी और तमाम कलाकारों की उम्दा अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है.फाइटर ने 22.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस बेहतरीन शुरुआत की थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से फिल्म की रफ्तार सुस्त पड़ती नजर आई थी। अब फाइटर की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने दूसरे बुधवार 2.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 184.50 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में यह फिल्म 312.85 करोड़ रुपये से अधिक कमा चुकी है।फिल्म में अनिल कपूर, संजीदा शेख, करण सिंह ग्रोवर और आशुतोष राणा जैसे सितारे भी हैं। फाइटर के बाद ऋतिक 2019 में आई फिल्म वॉर की दूसरी किस्त वॉर 2 में नजर आएंगे।यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं।इस फिल्म के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी को सौंपी गई है।यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की यह फिल्म अगले साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों का रुख करेगी। वॉर 2 यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है।

जाति प्रमाण पत्र के अभाव में नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

बलरामपुर। बलरामपुर जिले के पण्डो समाज के जाति प्रमाण पत्र समस्याओं को लेकर प्रदेश अध्यक्ष उदय पण्डो के नेतृत्व में समाज के लोगों ने राजपुर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर को पण्डो समाज द्वारा भरे फार्म एसडीएम कार्यालय में जमा किया गया और अनुविभागीय अधिकारी द्वारा ग्राम सभा प्रस्ताव सरलीकरण प्रक्रिया से जाति प्रमाण पत्र जारी करने का मांग की हैं।

विकास खण्ड राजपुर में पण्डो विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार निवासरत हैं।पण्डो परिवारों के पास सरगुजा स्टेट् सेटलमेंट नहीं है और जाति संबंधित कोई पुराना दस्तावेज अभिलेख भी नहीं है, वर्तमान के सभी दस्तावेजों में पण्डो जाति अंकित है। इनका संस्कृति रिति-रिवाज तीज त्यौहार शादी विवाह सभी सामाजिक कार्यक्रम तथा बोली भाषा कुरी टोटम पण्डो जनजाति का है। पण्डो जनजाति परिवारों को पूर्व के तसीलदार , एसडीएम द्वारा नही बनाया गया हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत पंचायत सचिव बिना स्टेट सेटलमेंट वाले पण्डो जनजाति परिवारों को ग्राम सभा प्रस्ताव दिया गया है , लेकिन उक्त प्रस्ताव में उचित कार्रवाई नहीं हो पा रहा है,भरा हुआ फार्म आगे नहीं बढ़या जा रहा है, इसके संबंध में पूर्व में पदस्थ एसडीएम, तसीलदार से मौखिक एवं लिखित रूप से निवेदन भी किया गया है परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुआ है। जाति प्रमाण पत्र के अभाव में बच्चे पढ़ाई, आश्रम -छात्रवास में रहने से वंचित हो रहे हैं, छात्रवृत्ति एवं शासकीय कल्याणकारी योजनाओं तथा वर्तमान में सरकारी नौकरियों से वंचित हो रहे हैं। ग्राम सभा प्रस्ताव सरलीकरण प्रक्रिया से जाति प्रमाण पत्र बनाने का आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। राजपुर ब्लॉक ग्रामपंचायत बरियों पण्डो पारा ग्रामपंचायत एवं खुखरी में निवासरत पण्डो जनजाति परिवारों के परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए ग्राम सभा प्रस्ताव सरलीकरण प्रक्रिया से जाति प्रमाण पत्र बनाने, संबंधितों को निर्देश करने की आवश्यकता है।ग्राम सभा प्रस्ताव जिन पण्डो जनजाति परिवारों का बना है उनका अतिशीघ्र आनलाइन कर स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उदय कुमार पण्डो, प्रदेश सचिव देवचंद राम पण्डो, जनपद सदस्य मुकेश गुप्ता,ब्लॉक अध्यक्ष तपेश्वर पण्डो उपस्थित थे।

नियमों की अनदेखी पर चालकों पर कार्रवाई

अंबिकापुर। सरगुजा पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट वाहन एवं यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही हैं। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ऐसे बुलेट वाहन चालकों एवं यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले 39 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 86 हजार 400 रुपये शुल्क वसूला गया है। न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किये गए हैं।मॉडिफाइड साइलेंसर के मामलो मे सबूती से कार्यवाही करते हुए कुल 10 प्रकरण बुलेट वाहन चालकों के विरुद्ध दर्ज किये गए, उपरोक्त प्रकरणों मे वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा कायम कर प्रकरण न्यायालय पेश किये जा रहे हैं, एवं समन शुल्क भी वसूल किये गए हैं। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई, एवं वाहनो में मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग नही करने की समझाईश ,लगातार कार्रवाई एवं सड़क सुरक्षा माह जनजागरूकता अभियान के माध्यम से की जा रही हैं।

आभूषण दुकान संचालक के सूने घर से नकदी व जेवरात की चोरी

बतौली। बतौली में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। देवरी रोड निवासी ज्वेलरी शाप के संचालक मुकेश सोनी के सूने घर पर चोरों ने धावा बोल लाखों की चोरी को अंजाम दिया है । घर और दुकान के सोने के जेवरात सहित करीब साढ़े चार लाख नकदी चोर पार कर दिए। कुल चोरी लगभग 25 लाख के आसपास बताई जा रही है। सूचना पर बतौली पुलिस टीम के साथ एसडीओपी सीतापुर और स्पेशल टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने जल्द चोरों को पकड़ने का दावा किया है।

कुछ सप्ताह से बतौली क्षेत्र में चोरी की छिटपुट वारदात हो रही थी, लेकिन गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात चोरी की बड़ी घटना बतौली के देवरी रोड निवासी ज्वेलरी शाप संचालक मुकेश सोनी के घर पर हुई है । बताया गया कि मुकेश सोनी के सास की आंख का आपरेशन था जिस वजह से सभी अंबिकापुर गए हुए थे। वापस आने में देरी हुई और सभी अंबिकापुर रुक गए । शुक्रवार सुबह घर पहुंचने के बाद चोरी का पता चला। बताया जा रहा है कि बरपारा में जहां वारदात हुई है, वहां पिछले एक माह के भीतर दो-तीन घटना हो चुकी है। चोरों ने पहले बाहर का ताला कुंदा सहित उखाड़ लिया उसके बाद एक और कमरे का ताला तोड़ा जिसमें उन्हें कुछ नहीं मिला । इसके बाद वाले कमरे का ताला तोड़कर और अलमारी के लाकर को तोड़कर आभूषण नकदी निकाल लिए। मामले की सूचना पर थाना प्रभारी चंद्र प्रताप तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। स्पेशल टीम के साथ भूपेश सिंह ने घटना स्थल का जायजा लिया। चोरी के प्रकरणों के लिए काम कर रही एक विशेष टीम अभिषेक पांडे के नेतृत्व में पहुंची थी । जगह-जगह टीम को पतासाजी के लिए रवाना किया गया है । एसडीओपी सीतापुर राजेंद्र मंडावी मौके पर डटे रहे । पुलिस टीम ने प्रभावित परिवार को भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपित पकड़े जाएंगे। बतौली के बरपारा में जहां पर चोरी की घटना हुई वहां आसपास काफी घर हैं। बड़ा रिहायशी इलाका है। यहां पिछले दिनों अमरनाथ चौबे के घर से एक बकरे की चोरी की गई थी । इसके अलावा बगल में ही रामसेवक के घर भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया । बजरंग के घर भी चोरी की घटना हुई थी । लगातार बढ़ती चोरियों से मोहल्ले वासी परेशान थे, लेकिन गुरुवार और शुक्रवार के दरमियानी रात यहां लाखों की चोरी हो गई। मोहल्लेवासी इस बात को लेकर सकते में है।

अग्निवीर भर्ती 21 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

सूरजपुर। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (08 व 10 पास) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और हवलदार एस.ए.सी के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 8 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्क 250 रुपये निर्धारित की गयी है। रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज लेकर ऑनलाईन लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीकृत करा सकते है। अग्निवीर क्लर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया है. अब उसे अग्निवीर ऑफिसर असिस्टेंट कहा जाएगा। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) 22 अप्रैल 2024 के बाद होने की संभावना है। अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर में संपर्क कर सकते है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

सूरजपुर। रामानुजनगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गणेशपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन योगाभ्यास से शुरू होकर ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर के नवापारा मोहल्ले में मतदाता जागरूकता रैली, स्वच्छता रैली से के स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा निकल गई। स्वयंसेवकों द्वारा दीवार लेखन का कार्य भी किया गया। मोहल्ले में स्थित हैंडपंप में सोख्ता का निर्माण किया गया तथा प्लास्टिक एवं अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर जलाकर नष्ट किया गया। इसके पश्चात शिविर स्थल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेशपुर के स्वास्थ्य कार्यकर्ता कमल कुशवाहा एवं अनुराग रवि के द्वारा स्वयं सेवको एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में 76 लोगों का परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया साथ ही सिकल सेल से पीड़ित कुछ लोगों की जांच हेतु जिला अस्पताल सूरजपुर में जांच करवाने की बात कही गई। विश्वास प्रशिक्षण में मुफ्त में दवा वितरण भी किया गया, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी सुदीप कुमार शर्मा के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों में मतदाता जागरूकता, स्वच्छता के प्रति सक्रिय दिखे इस शिविर को संचालित करने में ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर की सरपंच श्रीमती फुलेश्वरी टोप्पो, सचिव श्री काशीनाथ राजवाड़े, सरपंच प्रतिनिधि शुकेश टोप्पो, ओम प्रकाश साहू, अमरेश, राजेश कुमार चौधरी, श्रीमती डीके राजवाड़े, सत्यनारायण राजवाड़े एवं ग्रामीणों का भरपूर सहयोग प्रदान हो रहा है।

ग्राम पंचायत संजयनगर में विकासखण्ड़ स्तरीय पशुमेला का आयोजन

सूरजपुर। विकासखण्ड़ सूरजपुर के ग्राम संजयनगर में 11 फरवरी दिन रविवार को विकासखण्ड़ स्तरीय पशुमेला उत्सव एवं पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन पशुधन विकास विभाग, विकासखण्ड़ सूरजपुर द्वारा किया जा रहा है। उक्त मेले में पशुपालकों से अधिक से अधिक संख्या में अपने पशुधन के साथ भाग लेने हेतु विभाग द्वारा अपील किया गया है।

ट्रक पलटने से चालक व क्लीनर की मौत

अंबिकापुर। अंबिकापुर- बनारस मार्ग पर फुलीडूमर घाट पर लोहे का एंगल लोड ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में चालक व क्लीनर दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रायगढ़ से लोहे का एंगल लेकर ट्रक क्रमांक यूपी 64 एटी 8600 चुनार जा रहा था। ट्रक को चालक राजेंद्र यादव चला रहा था। क्लीनर अंकित विश्वकर्मा भी ट्रक में सवार था फूलीडूमर घाट पर ट्रक को चालक नहीं मोड़ सका। अनियंत्रित ट्रक ,सड़क किनारे खाई में गिर गया।

अचानक बढ़ी ठंड से कांपे लोग, तापमान आठ डिग्री पहुंचा

अंबिकापुर। उत्तर भारत से चल रही ठंडी हवा के प्रभाव से सरगुजा संभाग में अचानक तापमान में तगड़ी गिरावट हुई। संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में दो दिनों के भीतर तापमान में छह डिग्री गिरावट हुई है। गुरूवार को अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 8. 4 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले समय में मौसम में एक बार फिर से बदलाव होने व तापमान में वृद्धि की संभावना है। मौसम विभाग ने द्रोणिका के प्रभाव से आगामी 11 व 12 फरवरी को उत्तरी छत्तीसगढ़ में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा एवं कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना है। फरवरी माह में मौसम के बदलाव का क्रम जारी है। कुछ दिन पूर्व सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलों की आवाजाही बनी हुई थी। इससे अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 14. 4 डिग्री पहुंच गया था। ठंड बिल्कुल कम हो गई थी। विक्षोभ का असर समाप्त होते ही उत्तर भारत की शुष्क हवा का प्रवाह होने लगा। इससे उत्तर छत्तीसगढ़ के तापमान में तगड़ी गिरावट हुई। अंबिकापुर में लगातार दो दिनों में तीन-तीन डिग्री तापमान गिरने से लोगों को एक बार फिर ठंड महसूस होने लगी है। गुरूवार को दिन भर ठंडी हवा चलती रही। इससे दिन के तापमान में भी हल्की गिरावट हुई। पश्चिमी द्रोणिका के असर से बदलेगा मौसम- मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक पश्चिमी द्रोणिका सक्रिय रही है। आने वाले समय में इसका प्रभाव उत्तर एवं मध्य भारत में पड़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से सरगुजा संभाग सहित आसपास के इलाके में पड़ने की संभावना है। आसमान में घने बादल छाने एवं हल्की वर्षा भी संभावित है।

नागपुर हाल्ट-चिरमिरी रेल लाइन के लिए 120 करोड़

चिरमिरी। लगभग पांच वर्षों से अटकी नागपुर हाल्ट-चिरमिरी नवीन रेल लाइन के लिए राज्य सरकार ने 120 करोड़ की राशि का प्रविधान बजट में कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा अपने हिस्से की राशि पहले ही जारी कर दी गई थी। कांग्रेस शासनकाल में इस रेल लाइन के लिए राज्यांश नहीं दिए जाने के कारण कार्य आरंभ नहीं हो पा रहा था। इस रेललाइन के निर्माण से चिरमिरी तक आने वाले ट्रेनों को अंबिकापुर तक बढ़ाया जा सकता है। अंबिकापुर में सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल की स्थापना कर अंबिकापुर मेडिकल कालेज के साथ संयोजित करते हुए अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान की भांति चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है।

विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग को मिली ऐतिहासिक जीत का असर छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में देखने को मिला। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में सरगुजा संभाग को शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। इसमें चिरमिरी से नागपुर हाल्ट तक 17 किलोमीटर नई रेल लाइन के लिए राशि का प्रविधान किया गया है।इसके लिए 120 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।अंबिकापुर-अनूपपुर रेल खंड में नागपुर हाल्ट से चिरमिरी तक 17 किमी नई रेलवे लाइन निर्माण के लिए पिछली सरकार ने 50 फीसदी राशि को मंजूरी नहीं दी थी, जबकि इसी मांग को लेकर बीते एक साल से सरकार को जगाने और क्षेत्र की जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए आंदोलन चल रहा था। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को 50-50 फीसदी राशि जारी करना था, इसमें से केंद्र ने अपने हिस्से की राशि जारी की थी, लेकिन पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने अपने हिस्से की 120 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी नहीं दी थी। इसके चलते प्रोजेक्ट का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा था। भाजपा शासन के दौरान नागपुर हाल्ट स्टेशन से चिरमिरी तक नई रेल लाइन बिछाने से चिरमिरी तक आने वाली ट्रेनों को आसानी से अंबिकापुर तक बढ़ाया जा सकता है। इस प्रोजेक्ट के लिए 241 करोड़ की रेल परियोजना को रेलवे बोर्ड ने तीन अक्टूबर 2018 को मंजूरी दे दी थी। इसके लिए भूमि अधिग्रहण के बाद निर्माण निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू करना था। चिरमिरी, नागपुर हाल्ट नई रेल लाइन का सर्वेक्षण पूर्ण कर डीपीआर रेल मंत्रालय को 13 अगस्त 2018 को भेजा था। वर्तमान में चिरमिरी से रीवा, बिलासपुर, चंदिया, दुर्ग, व रायपुर के लिए ट्रेनों का संचालन था, ऐसे में चिरमिरी से नागपुर हाल्ट तक लगभग 17 किमी रेलवे लाइन बन जाने से चिरमिरी तक आने वाली ट्रेनों को अंबिकापुर तक बढ़ाया जा सकता है। पूर्ववर्ती सरकार ने अपने हिस्से की 50 फीसदी राशि जारी नहीं करने से काम शुरू नहीं हो पा रहा था। काम पूरा होने पर चिरमिरी-अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन लाइन के विस्तार से बड़ी आबादी वाला जनजातीय बहुल इलाका रेल सुविधा से विस्तारित हो सकेगा। रेल लाइन के बनने से व्यापार व उद्योग को भी मिलेगा बढ़ावा मिलेगा। इस बड़ी राशि की सुकृति के अलावा राज्य सरकार ने अपने बजट में अंबिकापुर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्थापना के लिए 50 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की है इस अस्पताल को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के साथ संयोजित करते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के समान चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इसके अतिरिक्त सड़क पुल पुलिया तथा विकास व निर्माण के दूसरे कार्यों की भी मंजूरी प्रदान की गई है बजट में उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग की ओर विशेष फोकस किया गया है । अंबिकापुर शहर को ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ाने की बात भी कही गई है। संभाग के सभी जिलों के लिए बजट में विशेष प्राविधान किए गए हैं। सरगुजांचक में उद्यानिकी व मछली पालन को बढ़ावा देकर ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति में सुधार की बात भी कही गई है। खगोल विज्ञान की लोकप्रियता को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूरजपुर जिले में एस्ट्रो पार्क के लिए दो करोड रुपये का प्रविधान किया गया है। इस एस्ट्रो पार्क का निर्माण प्रतापपुर विकासखंड में प्रस्तावित किया गया है। भूमि चयन की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है दिल्ली की एक विशेष टीम भी यहां पहुंची है। दिल्ली से आए अधिकारी स्थानीय राजस्व अधिकारियों के साथ स्थल चिंतन में लगे हुए हैं। सूरजपुर व बलरामपुर जिले में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान बीटीआई की स्थापना की जाएगी। इस संस्था की मांग लंबे समय से की जा रही थी इन दोनों जिले के शिक्षित बेरोजगारों का कहना था कि जिले में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान नहीं होने के कारण वे डीएड की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इस कारण सहायक शिक्षक की भर्ती में उन्हें मौका नहीं मिलता है। आदिवासी इलाका होने के कारण हर परिवार इतना सक्षम नहीं होता कि बाहर जाकर यहां के युवा डीएड की पढ़ाई कर सके। अब जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान खुल जाने से डीएड की पढ़ाई यहां के युवा भी कर सकेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार का अवसर मिलेगा।

शक्ति वंदन अभियान के शुभारंभ के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का किया गया आयोजन

सूरजपुर। महिला स्व सहायता समूह के सशक्तिकरण एवं शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का सामाजिक सहभागिता के माध्यम से सिचुएशन फिक्स किए जाने के उद्देश्य से शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ जिला ऑडिटोरियम सूरजपुर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, श्रम विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की समस्त फ्लैगशिप योजनाओं की प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया।

योजनाओं हेतु हितग्राहियों के मोबिलाइजेशन हेतु संकुल संगठन को सक्रिय भूमिका निर्वाह किया जाने हेतु प्रेरित किया गया। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने शासन की वर्तमान में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जिले मे 85 लोगों का आयुष्मान कार्ड तैयार कर लिया गया है। शेष बचे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए जाने हेतु संकुल संगठन एक महती भूमिका निर्वहन कर सकता है जिससे शीघ्र ही शत प्रतिशत परिवारों को स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा जा सके। जिले मे महतारी वंदन योजना अंतर्गत 1 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। शासन द्वारा 08 मार्च को अन्तराष्ट्रिय महिला दिवस के दिन पहली किश्त हस्तांतरित किए जाने हेतु तैयारी की गई है जिसके लिए 20 फरवरी तक शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़े जाने हेतु संकुल संगठन के माध्यम से हितग्राहियों को मोबिलाइज कर आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों से पंजीयन कराया जाना है। उनके द्वारा यह जानकारी दी गई की जिले मे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बीमित व्यक्तियों के मृत्यु होने पर विहान के अमले द्वारा शत प्रतिशत बीमा दावा प्रस्तुत कर नामिनी सदस्य को समय पर बीमा राशि दिलाए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार किया गया है। श्री राजेश महलवाला ने बताया की मातृ शक्ति द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, लखपति दीदी योजना, नशा मुक्ति अभियान से जुड़ कर समाज से गरीबी, कुरीति एवं बुराई को दूर करने का कार्य किया जा रहा है जिसको सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी की जा रही है जिसके लिए उन्होंने शक्ति वंदना अभियान प्रारंभ किए जाने का आहवाहन किया। श्री अजय गोयल ने महिलाओं द्वारा समस्त क्षेत्रों में सरहनीय कार्य किए जाने पर उनका प्रोत्साहन किया गया। पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री भीमसेन अग्रवाल ने शासन की योजनाओं के बारे मे बताया की बच्चे के जन्म लेने से पूर्व से उसके मृत्यु तक शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ निचले स्तर तक पहुंचे इसलिए लिए सामाजिक सहभागिता भी बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी महिला संकुल स्तरीय संगठन को उत्कृष्ट कार्य किए जाने हेतु सम्मानित किया गया साथ ही समस्त विकासखण्ड से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक कैडरों को उत्कृष्ट कार्य किए जाने हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुरली मनोहर जोशी, राजेश्वर तिवारी, किरण खेस, किरण साहू, कुलदीप बिहारी, प्रतिनिधि जायसवाल, मनिहारी लाल, शिवबालक यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी, महिला संकुल संगठन की कार्यकारी सदस्य, नगरीय क्षेत्र सूरजपुर के स्व सहायता समूह सदस्य, एरिया लेवल फेडरेशन की सदस्य उपस्थित रही।

अवैध शराब बेचते 6 गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते एक महिला सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 124 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 1750 रुपए जब्त किया है। उरला पुलिस ने जीवन होटल के पास अवैध शराब बेचते आरोपिया पवन बाई 55 वर्ष एवं मुकेश पारधी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 48 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 500 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने देवारपारा में आरोपी शिव कुमार देवार 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 21 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी स्टेशन पारा सिलयारी में आरोपी साकिर कुरैशी 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी भुनेश्वर गायकवाड़ 35 वर्ष के पास से 13 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। वहीं राखी पुलिस ने आरोपी मुकेश 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 450 रुपए जब्त किया है।

कार्मेल मिशनरी स्कूल तीसरे दिन भी बंद

अंबिकापुर। मतांतरण के लिए सुर्खियों में रहने वाले सरगुजा संभाग के अंबिकापुर का कार्मेल मिशनरी स्कूल तीसरे दिन भी बंद रहा। घटना के बाद से स्कूल के बाहर विभिन्न संगठनों के विरोध को देखते हुए पुलिस का पहरा तीसरे दिन भी जारी रहा। छठवीं कक्षा की छात्रा आर्चिषा सिन्हा की आत्महत्या के मामले में उठे विरोध के स्वर को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूल की सिस्टर मर्सी को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप पर न्यायलय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

अभिभावकों की नाराजगी को देखते हुए शुक्रवार को कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान व पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने सरगुजा जिले के सभी निजी स्कूल संचालकों की बैठक ली। बैठक में सभी स्कूलों में बच्चों और अभिभावकों की शिकायतों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिए गए। सभी स्कूलों में मनोविज्ञान की कक्षाएं लगाने,शिकायत पेटी व सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने की समझाइश दी गई। अधिकारियों ने कहा कि छात्रा की आत्महत्या मामले में विधिसम्मत कार्रवाई हो रही है। जांच में जैसे-जैसे तथ्य सामने आ रहे हैं उस अनुरूप कार्रवाई होगी। यदि घटना के लिए और लोग भी जिम्मेदार होंगे तो वे भी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में स्कूल प्रबंधन, कानूनी प्रविधानों, बच्चों की सुरक्षा, बच्चों के अनुकूल व्यवहार, शिक्षकों की भूमिका पर गहन चर्चा हुई। कलेक्टर संदिपान ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं।उनका भविष्य शिक्षकों के हाथों में हैं। इनके संवारने में शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्कूल प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी निभाएं। बच्चों के साथ संवेदनशील रहने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। बच्चों एवं अभिभावकों की शिकायत को गम्भीरता से लेकर निराकरण करना होगा। छात्रा की आत्महत्या के बाद कार्मेल स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगे। पुलिस ने एक शिक्षिका को गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया।

इस घटनाक्रम के बीच स्कूल की प्राचार्य सिस्टर जीवा कथित रूप से अस्वस्थ हो गई थी। शिक्षिका की गिरफ्तारी के तत्काल बाद बिगड़ी तबीयत को देखते हुए प्राचार्य को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने शुक्रवार को छात्रा के घर जाकर पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। दिवंगत छात्रा के दादा अनिल सिन्हा, पिता आलोक सिन्हा तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर एसपी ने गहरी संवेदना व्यक्त की।

नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर। ग्रीन आर्किट दलदल सिवनी मोवा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 13 हजार सहित मोबाइल व सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विशाल जैन 49 वर्ष ग्रीन आर्किट दलदल सिवनी मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी 2 फरवरी से 7 फरवरी के मध्य अपने परिवार के साथ कहीं बाहर गया था। जब वापस आया तो देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे नकदी 13 हजार, मोबाइल सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाहर खड़ी मोपेड पार

रायपुर। पीडब्ल्यूडी कार्यालय टैगोरनगर के पास खड़ी ऐविटर मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक कुमार जैन 72 अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एविटर मोपेड क्रमांक सीजी 08 एनसी 3226 को पीडब्ल्यूडी कार्यालय टैगोरनगर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा

रायपुर। इंद्रप्रस्थ गेट के सामने सरोना अज्ञात वाहन के चालक ने एक युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हीरालाल नायक 41 वर्ष ग्राम नारबंद सरसींवा का रहने वाला था। बताया जाता है कि बुधवार के शाम मृतक इंद्रप्रस्थ गेट के सामने से जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन के चालक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में डीडीनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 22 गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी महेश यादव 28 वर्ष व तरूण यादव 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी दीपक साव 21 वर्ष व बलराम यादव 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढियारी पुलिस ने आरोपी राजकुमार पुरैना 52 वर्ष, ईश्वरी साहू 33 वर्ष, जीतेंद्र कुर्रे 24 वर्ष व सैलेष डहरिया 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी शिव प्रसाद कोल 24 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी मिथलेश तिवारी 31 वर्ष, बलराम जैन 25 वर्ष व अजय कुमार साहू 36 वर्

न्याय यात्रा के साथ कोरबा आएंगे राहुल गांधी जयसिंह अग्रवाल ने जिले में की खास तैयारी

लगातार बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को किया उत्साहित, शहर व अन्य क्षेत्रों में लगाए गए बैनर-पोस्टर

-राजनीतिक संवाददाता-

कोरबा। लोकसभा चुनाव को लेकर समय सीमित बचे हैं। इससे पहले कांग्रेस देशभर में दमदारी दिखाने को लेकर लगी हुई है। पूर्वोत्तर के मणिपुर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर न्याय यात्रा शुरू की है। आगामी 11 व 12 फरवरी को कोरबा जिले में यह यात्रा होगी। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल को इस यात्रा के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने इस जिले में यात्रा की सफलता को लेकर खास तैयारी कर रखी है।

कांग्रेस संगठन में बीते वर्षों में साडाध्यक्ष से लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव, एआईसीसी में दायित्व के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी निभाने वाले जयसिंह अग्रवाल को न्याय यात्रा के सिलसिले में बड़ा दायित्व दिया गया है। संगठन को लेकर वे लगातार गंभीर रहे हैं और जमीनी स्तर पर काम करने के साथ अच्छे नतीजे देने में सफल रहे हैं। अबकी बार कांग्रेस के बड़े नेता की यात्रा को लेकर उन्होंने अपनी देखरेख में तैयारी कराई है। कोरबा नगर से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बैठक

लेकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया है। लोकसभा चुनाव का समय नजदीक है। इस नाते भी कार्यकर्ताओं में एकजुटता और कांग्रेस में मजबूती जरूरी है। इसे लेकर भी जयसिंह अग्रवाल की ओर से विशेष जतन किये जा रहे हैं।

राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में शामिल

न्याय यात्रा को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव विजय जांगीड़ और चंदन यादव विशेष रूप से कोरबा में हुई बैठक में उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में चंदन यादव ने उपस्थित जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कहा गया उद्देश्य न्याय का हक हासिल करने के लिए नागरिकों को जागरूक करने के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों का अहम् हिस्सा है। एआईसीसी सचिव एवं कांग्रेस सहप्रभारी विजय जांगीड़ ने उपस्थित समस्त पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि राहुल गांधी की इस ऐतिहासिक यात्रा को व्यापक पैमाने पर सफल बनाने के लिए हर कांग्रेसी को तन-मन से योगदान करना है और राष्ट्रहित के इस मिशन के सहभागी बनना हैं।

देश भर के लोग रहते हैं कोरबा में

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के संगठनात्मक प्रयासों से राहुल गांधी की न्याय यात्रा को नया आयाम देने की तैयारी है। कोरबा में एक दिन पहले संपन्न बैठक में कहा गया कि कोरबा एक प्रमुख औद्योगिक नगरी है जहां बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग निवासरत है। इस नजरिए से भी कोरबा का महत्व बहुत बढ़ जाता है और सभी कार्यकर्ताओं को अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए इसे सफल बनाना है। यह पार्टी का एक महत्वपूर्ण मिशन है, किसी व्यक्ति विशेष का नहीं। इसे सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

सीतामणी से प्रवेश करेगी यात्रा : जयसिंह

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया कि कोरबा शहर में राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा सीतामणी क्षेत्र में प्रवेश करेगी और शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर उनके भव्य स्वागत की पूरी व्यवस्था रहेगी और इसके साथ ही टीपी नगर चौराहे पर उनका संबोधन होगा। यहां से इंदिरा स्टेडियम परिसर जायेंगे। तत्पश्चात पुनः टीपी नगर चौक से यात्रा सीएसईबी चौक से होते हुए दर्री-छूरी होते हुए कटघोरा के लिए आगे बढ़ेगी।

कि राहुल गांधी की इस महत्वपूर्ण यात्रा का मुख्य

इंटक कार्यकर्ता करेंगे राहुल गांधी का स्वागत

अरसे बाद कोरबा पहुंच रहे वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का स्वागत सत्कार करने को लेकर कोयला खनन क्षेत्र में काम करने वाले संगठन इंटक के कार्यकर्ता गर्मजोशी के साथ तैयारी कर रहे हैं। केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि 1000 से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति इस अवसर पर होना संभावित है। इस बारे में रणनीतिक तैयारी की गई है और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सूचित किया गया है।

यात्रा से पहले हुई बैठक में काफी उपस्थिति

बैठक में पूर्व मंत्री नोवेल वर्मा, पूर्व विधायक यू डी मिंज, गुलाब कमरो, मोहित केरकेट्टा, पुरुषोत्तम कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, उषा तिवारी, हरीश परसाई, शेख इस्तियाक, गोरेलाल यादव, संतोष राठौर, राजेन्द्र तिवारी, सुधीर जैन, दुष्यंत शर्मा, बी एन सिंह, प्रशांत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रात में अचानक कुसमुंडा खदान पहुंचे सीएमडी

कोरबा। कोल इंडिया के निर्देशक (विपणन)मुकेश चौधरी के दौरे के बाद रात में एसईसीएल के सीएमडी डा. प्रेमसागर मिश्रा ने कंपनी की मेगा खदान कुसमुंडा माइंस का निरीक्षण किया और खनन गतिविधियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएमडी मिश्रा कल संध्या संचालन समिति की बैठक में शामिल होने के बाद देर रात कुसमुंडा अचानक पहुंचे और कुछ देर आराम करने के बाद रात में ही वें खदान के निरीक्षण के लिए रवाना हो गए। वहां खनन गतिविधियों का वृहत निरीक्षण किया गया। माईन व्यू पॉइंट से माइन प्लान के जरिए उत्पादन की जानकारी लेने के बाद वे स्वयं कोल फेस तक गए एवं उत्पादन गतिविधियों का करीब से जायज़ा लिया एवं इसमें अभिवृद्धि लाने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय मिश्रा एवं एरिया कोर टीम उनके साथ रही। इससे पहले कल कोल इंडिया निर्देशक विपणन मुकेश चौधरी ने कुसमुंडा क्षेत्र का दौरा किया था। क्षेत्र में उत्पादन एवं प्रेशर गतिविधियों का जायजा लिया था। उन्होंने गेवरा क्षेत्र में एफएमसी के तहत बनाए जा रहे रेपिड लोड आउट सिस्टम का जायजा लिया था। और अधिकारियों से चर्चा कर निर्माण कार्यों की जानकारी हासिल की थी। दौरे के दौरान एसईसीएल के म ह ा प्र ब ं ध क (मुख्यालय)विपणन-विक्रय सीबी सिंह साथ थे।

लॉज-होटलों की जांच कर रही

कोरबा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर न्याय यात्रा शुरू की है। छत्तीसगढ़ पहुंचने के अंतर्गत कोरबा जिले में इसका प्रवेश होगा। इसके लिए पुलिस के स्तर पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से तैयारी की जा रही है। यात्रा के मार्ग को ध्यान में रखते हुए कई अहम पहलुओं पर काम शुरू कर दिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह ने बताया कि संभावित मार्ग में अग्रिम रूप से तलाशी अभियान प्रारंभ किया गया है। होटल लॉज की जांच के साथ वहां आने वाले लोगों के बारे में आवश्यक जानकारी ली जा रही है। इसके साथ ही अपराधिक तत्वों की कुंडली भी निकाली जा रही है।

आवेदन तिथि से ही भत्ता देने की व्यवस्था हो

कोरबा। एसईकेएमसी ने प्रबंधन के सामने अपनी मांग रखते हुए कहा कि कुसमुंडा क्षेत्र में हाउस एलाउंस दिया जाता है। वह आवेदन देने के तारीख से लागू होना चाहिए। क्योंकि आवेदन पत्र जमा करने के बाद कार्यवाही कई महिने बाद शुरू होती है। जिससे कोयला कामगारों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसी तरह एसईसीएल गेवरा चिकित्सालय में जो एम्बुलेंस दिया गया है, उसमें समय-समय पर डीज़ल नहीं होने से मरीजों को लाने जाने में काफी दिक्कतें होती है। यह एम्बुलेंस ठेकेदारी के आधार पर चलाया जा रहा है। इस व्यवस्था को ठीक करने की जरूरत है। इस मामले को ठीक करने की मांग की गई। केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने कई मामलों को प्रबंधन के सामने रखा। इस बैठक में संदीप चौधरी, किशोर सिन्हा, संदीप राय, शिवशंकर शुक्ला, गोपाल यादव, रमेश मिश्रा, एके अंसारी, दिलीप सिंह, बीआर सुमन सहित सबएरिया के जेसीसी सदस्य

हाईवे के बाईपास पर अतिक्रमण नहीं दिखता आगे का रास्ता

अभियान के बावजूद यहां पर कार्रवाई नहीं

कोरबा। नई सरकार ने सभी तरफ अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख दिखाया है और प्रशासन को कार्रवाई करने में लगा दिया है। कोरबा जिले में भी इस प्रकार की तस्वीर सामने आई है इतना सब कुछ होने के बावजूद नेशनल हाईवे संख्या 130बी पर कटघोरा में चकचकवा पहाड़ी के पास हाईवे पर अतिक्रमण कायम है। बाईपास के नजदीक इसकी उपस्थिति बनी हुई है। इसके चलते आवाजाही में कई प्रकार की समस्याएं पेश आ रही है। कई मौका पर ध्यान आकर्षित करने के बावजूद जरूरी कार्रवाई नहीं होना समझ से परे हैं।

कोरबा जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर इस तरह की स्थिति कायम है। कटघोरा से पौड़ी उपरोड़ा जाने वाले मार्ग पर नेशनल हाईवे 130 बी के बाईपास पर अतिक्रमण होने से मुसीबत बनी हुई है। इस जगह पर अवैध निर्माण किए जाने के कारण दोनों दिशा से आने आने वाले वाहनों को आगे का रास्ता नजर नहीं आता। ऐसे में अनहोनी की आशंका बनी रहती है। बाईपास के निर्माण के बाद से ही इस अवैध कब्जे को लेकर कई सवाल उठते

रहे हैं और इसे हटाने की मांग की जाती रही है। नवंबर महीने में विधानसभा चुनाव में सरकारी अमले के व्यस्त होने का हवाला देते हुए यहां पर कार्रवाई करने का मसला किनारे कर दिया गया। विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद व्यस्तता कम होने और नई सरकार के बनने व उसकी प्राथमिकताएं सुनिश्चित होने पर भी यहां से अवैध निर्माण को हटाने के मामले में कोई खास दिलचस्पी नहीं ली जा रही है। वाहन चालकों और नागरिकों का कहना है कि जब सामान्य क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के साथ आवागमन को सुगम करने की कोशिश की जा रही है तो कम से कम हाईवे के मामले में शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए।

जल्द लिया जाएगा संज्ञान

नेशनल हाईवे के बाइपास पर अतिक्रमण होने के बारे में मीडिया के माध्यम से सूचना मिली हैं। इस मामले को जल्दी संज्ञान में लिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण से संबंधित प्रकरणों में प्रशासन कार्रवाई कर रहा है।

-सरोज महिलांगे, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा

एसईसीएल प्रबंधन ने वार्ता के लिए बुलाया

कोरबा। 16 फरवरी को होने वाले हड़ताल को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। आज हेलवाडीह में सबएरिया स्तर पर जेसीसी की बैठक बुलायी गई है। इस बैठक में हड़ताल को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में जेसीसी सदस्य अजीत सिंह, मनोज सिंह, अशोक मंडल सहित अन्य सदस्य अपनी राय देंगे। इस बैठक में सिंघाली, बगदेवा व हेलवाडीह के जेसीसी सदस्यों को बुलाया गया है। हड़ताल से भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन बाहर है। निजीकरण सहित अन्य कई मुद्दो को लेकर संयुक्त मोर्चा द्वारा यह हड़ताल किया जा रहा है। इस हड़ताल को लेकर कल भी एसईसीएल मुख्यालय में स्टेरिंग कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में नाथुलाल पांडेय, हरिद्वार सिंह, गोपाल नारायण सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। हड़ताल को लेकर 14 फरवरी को गेवरा में संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए रेशमलाल यादव, गोपाल, दीपक, जनाराम कर्ष, गिरजा साहू, शिवशंकर शुक्ला, सतीश सिंह, मनोज सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए है। इस सम्मेलन में स्टेरिंग कमेटी के सदस्य शामिल होंगे। उनके यहां आने पर जेसीसी सदस्य संदीप राय अनूप सरकार मोहन प्रधान, ए विश्वास, सुरेन्द्र मिश्रा, रमेश मिश्रा, एके अंसारी, धर्माराव, सुभाष सिंह, किशोर सिन्हा, संदीप चौधरी, शिवशंकर शुक्ला सहित अन्य सदस्य स्वागत करेंगे। हड़ताल को लेकर अलग-अलग स्तर पर संयुक्त मोर्चा की

गोल्डन और स्टार 11 ने मैच जीता

कोरबा। खेल के क्षेत्र में महिलाओं के प्रदर्शन को बढ़ावा देने को लेकर लगातार कोशिश हो रही है। कोरबा नगर में इस कड़ी में पाम मॉल के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 10 से अधिक टीम इसमें शामिल हो रही है। आज के मैच में स्टार 11 और गोल्ड 11 ने जीत दर्ज की। उन्होंने एंजेल 11 और एडवोकेट 11 को पराजित किया।

टूर्नामेंट में उपभोक्ता आयोग की प्रमुख रंजन दत्त, छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की अनुशासन समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक तिवारी, उपभोक्ता आयोग की सदस्य ममता दास और एसएस गोल्ड के संचालक राजू सोनी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आज के क्रिकेट मैच के संपन्न होने के बाद बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आयोजकों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए राइजिंग स्टार, बीके वेलफेयर, गोल्डन 11, स्टार 11, सेजेस 11, सीजी वेलफेयर जैसी टीमों ने अपना पंजीकरण कराया है। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

दो आरोपियों पर 110 की कार्रवाई

बाकीमोंगरा। कोरबा जिले की बाकी मोगरा पुलिस ने अपराधिक तत्वों पर नकल करने के साथ-साथ पिछला रिकॉर्ड के आधार पर कार्रवाई तेज कर दी है। थाना प्रभारी ध्रुव नारायण तिवारी ने बताया कि 110 के अंतर्गत दो आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इन दोनों के विरुद्ध का मामला दर्ज है। जिले में गुंडा बदमाशों पर कठोर कार्रवाई करने को लेकर पुलिस काम कर रही है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है।

पढ़ाई के आधार पर जॉब देने का मुद्दा

कोरबा। भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन की बिलासपुर आईआर बैठक में कुसमुंडा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने प्रबंधन के सामने कई समस्याओं को सामने रखा। खासकर उन्होंने पढ़ाई के आधार पर कोयला कामगारों को जॉब देने की मांग रखी। आईटीआई इंजिनियरिंग सहित अन्य कई विषयों के आधार पर परीक्षा पास करने वाले कामगारों को पढ़ाई के आधार पर ही जॉब देने की मांग रखी। इसके अलावा एक व दो केटेगिरी के कामगारों को पदोन्नति देने के मुद्दे को उठाया गया। इसी तरह कोयला कामगारों की आवास की समस्या बनी हुई है। पर्याप्त संख्या में यहां आवास बनाने की मांग की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठिया , अमिया मिश्रा, जशवंत साहू ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि बाहर से स्थानांतरण होकर यहां कोयला कामगार आ रहे हैं। उनकी संख्या के आधार पर ही आवास बनाने की मांग की गई।

नशामुक्त समाज पर हो रहा काम

कोरबा। जिले में विभिन्न प्रकार के नशों की जद में उलझे हुए लोगों को बाहर निकालने का काम जारी है। सरकार के साथ-साथ कई सामाजिक संगठन इसक काम में लगे हुए हैं। विभिन्न सोपान के साथ इस दिशा में कोशिश की जा रही है।

मॉडर्न-हाईटेक थाने का सौगात मिलने पर साइबर सेल स्टाफ रोमांचित

कोरबा। राज्य के बजट में शामिल कर राज्य प्रशासन द्वारा कोरबा जिले को मॉडर्न-हाईटेक साइबर सेल थाने की मंजूरी प्रदान कर उसे राज प्रकाशन में अधिसूचित किये जाने पर कोरबा जिले के साइबर सेल सह क्राइम ब्रांच स्टाफ एक ओर जहां खुशियों से रोमांचित हो गया है वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधों पर अंकुश लगने की संभावना आम लोगों द्वारा भी जताई जा रही है।

राज्य सरकार के कल प्रथम बजट में कोरबा जिले समेत पांच अन्य महत्वपूर्ण जिलों को साइबर सेल सह क्राइम ब्रांच के मॉडर्न-हाईटेक थाना भवन बनाए जाने तथा नए-नए संसाधनों से सज्जित किये जाने को शामिल किये जाने के कारण कोरबा जिले के साइबर सेल स्टाफ जिसमें एक क्रिकेट टीम से भी कम सदस्य शामिल हैं। अल्प साधनों, अल्प स्टाफ के बावजूद कोरबा जिले के साइबर सेल ने राजधानी, न्यायधानी एवं संस्कारधानी के रूप में प्रसिद्ध जिलों के भारी भरकम साइबर सेल स्टाफ के समानांतर अपराधों पर काफी हद तक अंकुश लगाने में

सफल रहा है।

बताया जाता है कि इन्हीं कारणों से एवं बढ़ते अपराधों विशेषकर साइबर क्राइम को देखते हुए राज्य सरकार ने कोरबा, कबीरधाम, रायगढ़, राजनांदगांव आदि जिलों में हाईटेक-साइबर सेल थाना भवन अलग से संचालित किये जाने तथा उसके लिए अलग से स्टाफ की नियुक्ति किये जाने को बजट में शामिल किया है। इस वजह से कोरबा जिले में साइबर सेल को मॉनिटरिंग करने वाले एएसपी अभिषेक वर्मा, प्रभारी अजय सोनवानी, प्रधान आरक्षक द्वय चंद्रशेखर पांडेय, गुनाराम सिन्हा एवं 7 अन्य आरक्षक भी खुशियों से रोमांचित हो उठे हैं।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com